CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, शनिवार 21 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिव सुब्रमण्यम रमण ने पीएफआरडीए के अध्यक्ष का पदभार संभाला पेज 2



सीना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से ज्यादा बड़ी उपलब्धि खेल टाइम्स



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: योग बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति... संपादकीय



ईरान आईआरजीसी ने की नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति पेज 12

# ईरान के इजरायल पर कई बड़े मिसाइल हमले

## माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी मिसाइल, कई कारों में लगी आग

तेहरान/तेल अवीव

**तेल अवीव, बीर्शेबा व हाइफा सहित कई शहरों को बनाया मिसाइलों से निशाना, 23 घायल, तीन गंभीर**

**ईरान ने इजरायल** के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। ईरान ने शुक्रवार शाम इजरायल के तेल अवीव, बीर्शेबा, हाइफा सहित कई शहरों में पर फिर से मिसाइल हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हाइफा में मिसाइल गिरने से 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक 16 साल के नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर है।



आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ईरान के शुक्रवार सुबह मिसाइल हमले के बाद बीर्शेबा शहर में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है।

# इजरायल रोजाना जंग में झोंक रहा ₹6000 करोड़

## सैन्य संघर्ष अब आर्थिक संकट में भी बदल रहा

तेल अवीव, वार्ता

**ईरान और** इजरायल के बीच जारी संघर्ष सिर्फ सैन्य नहीं, अब आर्थिक संकट में भी बदलता जा रहा है। पूर्व इजरायली रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल रीम एमीनाक के मुताबिक, इजरायल का रोजाना युद्ध लड़ने में 725 मिलियन डॉलर (करीब 6,000 करोड़) खर्च हो रहा है।

इसमें केवल मिसाइल, जेट ईंधन, बमबारी और सैनिक तैनाती जैसे सीधे खर्च शामिल हैं। पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान और प्रोडक्टिविटी में गिरावट को भी जोड़ा जाए, तो असल खर्च इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। इजरायली वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6प्रतिशत कर दिया है। वहीं, 2025 में पहले से तय बजट घाटे की सीमा 4.9प्रतिशत से बढ़ सकती है। 13 जून को ईरान पर अटैक के बाद पहले दो दिन में इजरायल का खर्च 1.45 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया था। इसमें से 593 मिलियन डॉलर (करीब 5 हजार करोड़) बमबारी और जेट ईंधन और बाकी रक्षा संचालन में गए। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने 2025 के लिए जो बजट घाटे की सीमा तय की थी, वह जीडीपी का 4.9 प्रतिशत यानी लगभग 27.6 अरब डॉलर थी। लेकिन यह अनुमान ईरान के साथ नया युद्ध शुरू होने से पहले का था। अब इजरायल का बजट घाटा और बढ़ सकता है। वहीं, इजरायल का रक्षा बजट पहले ही गाजा युद्ध में काफी खर्च हो चुका है। इसी वजह से वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया है।

### ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोला, 1000 भारतीय छात्र लौटेंगे

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल के साथ हफ्ते भर से जारी जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय छात्रों का वहां से रेस्क्यू करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्रों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट्स शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स ईरान के मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी। इससे पहले 110 भारतीय स्टूडेंट्स 19 जून को ईरान से भारत पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने मदुरै के विवादित मंदिर तोड़ने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में कथित तौर पर बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। एसोसिएशन की याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती दी गई थी।

### कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत, कारण स्पष्ट नहीं

**नई दिल्ली।** कनाडा में वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक भारतीय छात्रा तान्या त्यागी की मौत हो गई है। दूतावास ने छात्रा की मौत का कारण नहीं बताया, लेकिन कहा है कि वह अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी सहायता प्रदान करेगा। दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हम कैलगरी विश्वविद्यालय की भारतीय छात्रा सुश्री तान्या त्यागी के आकस्मिक निधन से दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

### शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन पांचवीं बार टला

**नई दिल्ली।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन पांचवीं बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

### ब्लैक बॉक्स विदेश भेजे जाने पर अभी कोई फैसला नहीं

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अभी विदेश नहीं भेजा गया है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर बयान जारी किया है। केंद्र ने कहा कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स को कहां भेजा जाएगा, इसका फैसला एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। यह फैसला सभी तकनीकी, सुरक्षा और गोपनीय पहलुओं को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। फिलहाल एएआईबी की जांच जारी है। इसके अलावा गृह सचिव के नेतृत्व में हाई लेवल कमेटी भी हादसे की जांच कर रही है, जो तीन महीने में रिपोर्ट देगी।

# ओडिशा आना जरूरी था, इसलिए ट्रम्प को मना किया

भुवनेश्वर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** शुक्रवार को ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरुआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया।

वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अपनी विदेश यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले, मैं जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं। उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया।



### लालटेन-पंजे के शिकंजे से बचे

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की आहट राज्य में साफ सुनाई देने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में यह गूंज के रूप में सुनाई दी, जब उन्होंने सीवान में संबोधन सुनने आए लोगों से कहा कि नौजवानों ने जंगलराज की कहानियां सुनी होंगी। देखा नहीं होगा। उस माहौल को जानते नहीं होंगे। फिर से लालटेन और पंजे वाले शिकंजा कसने का मौका ढूंढ़ रहे। सतर्क रहना होगा, वरना विकास पर ब्रेक लगाने का मौका वह तलाश रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार समृद्ध होगा।

### महाराष्ट्र में भारी बारिश, नासिक में घरों व दुकानों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मानसून ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में एंट्री कर ली। यूपी में भी मानसून और आगे बढ़ा है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं। अमरेली में भारी बारिश से नदियों का पानी खेतों में जा घुसा। इससे फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। महाराष्ट्र के नासिक में भारी बारिश से गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे नदी किनारे के निचले इलाकों के घर-दुकानों में पानी घुस गया। मध्य प्रदेश के श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे करीब 20 गांवों का संपर्क टूट गया। बिहार के गयाजी में बारिश के बाद फल्गु नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे 20 लोग फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 18 लोगों का रेस्क्यू किया। 2 की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से सरगुजा के मैनी नदी में अचानक आई बाढ़ में मां-बेटे समेत चार लोग बह गए।

# ईरान से सुरक्षित लौटे सभी 94 छात्र वापस कश्मीर पहुंचे



**श्रीनगर।** युद्ध प्रभावित ईरान से लाए गए जम्मू-कश्मीर के सभी 94 छात्र सुरक्षित रूप से कश्मीर पहुंच गए हैं।

केन्द्र सरकार ने इजरायल-ईरान युद्ध के मद्देनजर ईरान से भारत लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को वहां से स्वदेश लाने के लिए ऑपरेशन सिंधु चलाया है। इसके तहत 110 भारतीय छात्रों का पहला जत्था बुधवार रात दिल्ली लाया गया था, जिनमें जम्मू-कश्मीर के 94 छात्र शामिल थे। ये सभी छात्र उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे और उन्हें आर्मेनिया और दोहा के रास्ते निकाला गया। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के अनुसार, कुछ छात्र गुरुवार को ही कश्मीर पहुंच गए थे, जबकि बाकी छात्र जो दिल्ली से डीलक्स बसों में रवाना हुए थे वे शुक्रवार सुबह घाटी पहुंच गए। एसोसिएशन ने कहा कि हम विदेश मंत्रालय और उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने छात्रों की सुरक्षित और समय पर वापसी सुनिश्चित की। यह उनके परिजनों के लिए बहुत बड़ी राहत है। छात्रों ने भी केन्द्र सरकार को सुरक्षित निकासी, नि:शुल्क ठहरने और यात्रा सुविधाओं के लिए धन्यवाद दिया। छात्रों ने दिल्ली में पहले शिकायत की थी कि दिल्ली से श्रीनगर तक जाने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। मेडिकल छात्रा सबा रसूल ने श्रीनगर में कहा कि ईरान से चार दिन की लंबी यात्रा के बाद हम बेहद थक चुके थे। जब दिल्ली में बसें देखीं तो बहुत निराशा हुई।

### भारतीय तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्र प्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ करने वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव आईसीजीएस सी-438 को जहाज की ओर भेज दिया। यह नाव काकीनाडा बंदरगाह से करीब 16 समुद्री मील दूर नियमित गश्ती मिशन पर थी। भारतीय तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी मछली पकड़ने वाली नाव से भागने की कोशिश की, लेकिन आईसीजीएस सी-438 टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

# विमानों की सुरक्षा को मौजूदा बजट नाकाफी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**संसदीय समिति की रिपोर्ट: हादसों की जांच और सिक्योरिटी एजेंसी को सालभर में सिर्फ 35 करोड़ मिले**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद संसदीय समिति की तरफ से पेश की गई एक रिपोर्ट चर्चा में आ गई है। मार्च में राज्यसभा में पेश की गई इस रिपोर्ट में बताया गया था कि विमान हादसों की जांच और एविएशन सुरक्षा के लिए फंडिंग में गड़बड़ियां हैं।

टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है, लेकिन सिक्योरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और विमान हादसों की जांच के लिए सिर्फ 35 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है, जो काफी नहीं है। टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट मार्च में राज्यसभा में पेश की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) को जो बजट मिल रहा है वो बहुत कम है और उसके आवंटन में भी खामियां हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जहां डीजीसीए को 30 करोड़ रुपये दिए गए, वहीं एएआईबी को सिर्फ 20 करोड़ रुपये और बीसीएएस को केवल 15 करोड़ रुपये मिले। समिति ने यह भी कहा कि भारत में एयरपोर्ट्स और यात्रियों की संख्या में तेजी से हो रहे इजाफे को देखते हुए एएआईबी और बीसीएएस को ज्यादा बजट दिया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2025-26 के बजट खर्च में प्रमुख एविएशन एजेंसियों के बीच फंड बांटे जाने में फर्क साफ नजर आता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एविएशन नियमों के अनुपालन और एयरलाइन्स की निगरानी की जिम्मेदारी वाले डीजीसीए को कुल बजट का लगभग आधा हिस्सा यानी 30 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### एयर इंडिया की नौ फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एयर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई 874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट एआई 456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट एआई 2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट एआई 571 कैंसिल हुई हैं। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट एआई 906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट एआई 308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट एआई 2204 शामिल हैं।

# ईडी ने बंगाल व दिल्ली में बैंक खाते और दस्तावेज किए जब्त

कोलकाता, वार्ता

**ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई**

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में कम से कम सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी के एक बयान में कहा कि वह बैंकों के सभी बंद खातों में शेष राशि का पता लगा रही है। अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, एक किसान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और अज्ञात हमलावरों के बीच हुए एनकाउंटर में एक बुजुर्ग कुकी महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला क्रास फायर की चपेट में आ गई। घटना उस समय हुई जब सुरक्षा बलों ने एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। यह ऑपरेशन उस वक्त शुरू किया गया, जब बिष्णुपुर जिले में खेतों में काम कर रहे एक मैतई किसान को गोली लगी। बताया गया कि गोली आसपास की पहाड़ियों से चलाई गई थीं। दरअसल मैतेई नेता अशेम कनन सिंह की 7 जून को को गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। इंफाल के कई इलाकों में गाड़ियां जला दी गईं, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए थे। पुलिस से झड़प के अलावा प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की थी। अशेम को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर में सात उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने अलग-अलग अभियानों में सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई बाजार से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। केंद्रीय बल ने टेंग्नौपाल जिले में बीपी-87 में भारत-म्यांमार सीमा से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के सेकमाइजंग खुनौ से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के फकनंग थोंगखोंग से एक महिला को भी गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर उग्रवादी बताई जा रही है।

## एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में पहचान बना रहा यूपी: योगी

# सुरक्षा में सेंध लगाने वाला यमराज के पास जाएगा

**आजमगढ़, वार्ता**



■ सपा डी कंपनी और दाऊद गिरोह को पालती थी अब यूपी व देश की सुरक्षा से समझौता नहीं होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से निकल कर एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में देश में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकारें विकास की बजाय डी-कंपनी और दाऊद गिरोह के साथ साझेदारी करती थीं, सुरक्षा में सेंध लगाती थीं और आजमगढ़ को आतंक का गढ़ बना दिया था। 2007-08 में शिवली नेशनल कॉलेज में अजीत राय की हत्या वंदे मातरम गाने की वकालत के लिए हुई थी, लेकिन अब ऐसा दुस्साहस कोई नहीं कर सकता। आज कोई प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करता है, तो उसके लिए यमराज का टिकट पहले से कट जाता है। योगी ने कहा कि अब देश और प्रदेश की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। आजमगढ़ में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के मौके पर योगी ने कहा कि दशकों तक पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज अदम्य साहस का गढ़ बन चुका है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के प्रयासों का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में स्थापित कर रहा है। योगी ने कहा कि आजमगढ़ से गोरखपुर तक यह लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। यह कनेक्टिविटी पटना से दिल्ली तक की यात्रा को आसान बनाएगी। 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा ही था जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया, लेकिन अब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं।

### भ्रष्टाचार पर माया ने योगी पर साधा निशाना



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने विभागीय भ्रष्टाचार को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि मुख्यमंत्री योगी को इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेंस विभाग को सक्रिय करना होगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह यूपी में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपों से घिरे तबादलों की अनवरत आम चर्चा व खबरों का मुख्यमंत्री को कड़ा संज्ञान लेकर ना सिर्फ भ्रष्टाचार निरा.धक विजिलेन्स विभाग आदि को सक्रिय करना, बल्कि समयबद्ध एसआईटी का भी गठन करके व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना जन व देशहित में ज़रूरी है। सरकारी भ्रष्टाचार व अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर यूपी सीएम जितना जल्द सख्त क़दम उठाए उतना बेहतर।

## गरीबों को शिक्षा से दूर कर रही योगी सरकार: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ स्कूलों का मर्जर जान बूझकर किया जा रहा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल मर्जर भारतीय जनता पार्टी सरकार की एक सोची समझी रणनीत है, जिससे गरीबों को शिक्षा से दूर किया जा सके।

पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि स्कूलों का मर्जर एक सरकार की एक सोची समझी रणनीत के तहत किया जा रहा है। स्कूल जितने कम होंगे, उतनी ग्रोथ रेट कम होगी और नौकरियां नहीं देनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षकों के साथ है, जो बरसों से अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। जब कभी समाजवादी पार्टी को मौका मिलेगा, तो उनकी समस्याओं का समाधान करने का काम हम करेंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार हृदयहीन है, जिसमें संवेदना न हो, वो सरकार किसी को स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

शिक्षा विभाग बर्बाद किया जा रहा है, नेताजी खुद शिक्षक थे उन्होंने हमेशा समझाने की कोशिश की, एक शिक्षक के बेटा होने के नाते मेरा शिक्षकों से पारिवारिक संबंध है, उनका जो दर्द है वह मेरा दर्द है। शिक्षकों की बात होती है, तो भाजपा सरकार बहरी हो जाती है, जिसमें संवेदना नहीं है ऐसी सरकार नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डी कंपनी वाले बयान पर उन्होंने कहा कि कंपनी किसको बोलते है।

## पूर्ण राज्य के दर्जे को केन्द्र के वादे का इंतजार

### जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मीडिया में उठाया मुद्दा

**जम्मू, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि वह केन्द्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की ओर से किए गए वादों के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।

अब्दुल्ला ने यहां एक कार्यक्रम में मीडिया से कहा कि देखेंगे कि हमें राज्य का दर्जा पाने के लिए कानूनी तौर पर आगे बढ़ना है या नहीं, लेकिन अभी हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के वादे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क और शिकायत निवारण को मजबूत करने के लिए आज यहां कैनाल रोड पर एक नए राब्ता कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पहले श्रीनगर (कश्मीर घाटी) में इसका एक कार्यालय काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (महबूबा मुफ्ती) इस मुद्दे पर कितना बोल रही हैं? जब उन्हें इस मुद्दे को उठाने का मौका मिला था, तब वह कहां थीं? अब्दुल्ला ने कहा कि जब वह अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही थीं और राजौरी-पुंछ से वोट मांग रही थीं, तब उन्होंने इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे रखी। भारतीय जनता पार्टी के करीबी पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने आरक्षण के मुद्दे पर क्यों नहीं बोला।

उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी सरकार द्वारा गठित कैबिनेट उप-समिति ने आरक्षण के मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट कानून विभाग को सौंप दी है, जिसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### पुरुलिया में दो वाहनों की भिड़ंत में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता।** झारखंड की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह भारी भरकम सामान से लदे बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुरुलिया-जमशेदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामसोल में आज तड़के हुई। ये सभी लोग विवाह समारोह में शामिल होने के बाद बोलेरो जीप से घर लौट रहे थे। सभी पीड़ित पड़ोसी राज्य झारखंड के निमड़ी क्षेत्र के निवासी थे। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि 18 पहियों वाले बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत के बाद ट्रक भी पलट गया।

## अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है: राहुल गांधी

### बोले- भाजपा-आरएसएस नहीं चाहती कि गरीब बच्चे इसे सीखें

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है। यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए।

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा- आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें। राहुल का यह पोस्ट अमित शाह की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें शाह ने कहा था कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने का औजार है। बीजेपी-आरएसएस नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेज़ी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि आप सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे। शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा, ‘अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।



सेंसेक्स 82408.17
निफ्टी 25112.40



सोना रु. 98,503
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 105592
प्रति किलो



## उबरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी 1.29 प्रतिशत उछले

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी सैन्य भागीदारी का निर्णय वापस लेने से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरकर आज शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1046.30 अंक अर्थात 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 319.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25112.40 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.20 प्रतिशत उछलकर 45,480.26 अंक और स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत मजबूत होकर 52,378.52 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4094 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2463 में तेजी जबकि 1484 में गिरावट रही, वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 1912 में लिवाली जबकि 963 में बिकवाली हुई, वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा।

इससे कमोडिटीज 0.54, सीडी 1.12, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.78, इंडस्ट्रियल्स 1.21, आईटी 0.65, दूरसंचार 2.73, यूटिलिटीज 1.62, ऑटो 0.84, बैंकिंग 1.15, कैपिटल गुड्स 1.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84, धातु 1.10, तेल एवं गैस 0.61, पावर 1.46, रियल्टी 2.22, टेक 1.42, सर्विसेज 0.99 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.83 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.89 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.26 प्रतिशत मजबूत रहा वहीं जापान का निक्केई 0.22 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत फिसल गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स सात अंक फिसलकर 81,354.85 अंक पर लगभग सपाट खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,323.20 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,494.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,361.87 अंक के मुक.ाबले 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी छह अंक उतरकर 24,787.65 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,783.65 अंक के निचले, जबकि 25,136.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 24,793.25 अंक की तुलना में 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,112.40 अंक पर बंद हुआ।

### सोना 758 गिरकर 98,503 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को गिरावट देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 758 गिरकर 98,503 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,261 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,791 गिरकर 1,05,592 प्रति किलोग्राम हो गई है। ये 1,07,383 पर बंद हुई थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,630 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,250 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 रही। चेन्नई 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 रही।

## अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी, चीनी सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही जबकि चीनी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 11 रिंगिट फिसलकर 4067 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.45 सेंट की गिरावट के साथ 55-22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल 365 रुपए, सोया रिफाइंड 183 रुपए और पाम ऑयल 333 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए। वहीं सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 300 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरक.ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600- 7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16849 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## फिरोजाबाद में हत्या और लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

■ 75 हजार का इनाम था, राजू खान के ऊपर कई मुकदमे भी दर्ज थे

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार भोर पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद हत्या और लूट के आरोपी को मार गिराया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को आज तड़के हत्या लूट के वांछित अपराधी राजू खान के क्षेत्र में होने की सूचना मुखबिर से मिली थी, जिस पर थाना पुलिस एसओजी और सर्विस लॉन्स टीम ने सीओ प्रवीन तिवारी और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण विसेन के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदमाश की घेराबंदी की और नोवा फैक्ट्री के पास बदमाश को आत्म समर्पण के लिए कहा गया मगर बदमाश ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्म रक्षार्थ जवाबी कार्रवाई कर फायरिंग की गई जिसमें बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मौत हो गई है। राजू खान मूल रूप से रामगढ़ के रैपुरा का निवासी है, जो हाल में शाहगंज आगरा में रह रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने संबंधित मामले मे राजू खान की उपचार के दौरान मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाश राजू खान पर पांच मार्च को शिकोहाबाद के बंसी नगर में मुन्ना लाल यादव और उनकी पत्नी मिथलेश यादव की हत्या कर लूट का आरोप है।

इसके अलावा 15 जून को गांव मलखानपुर में एक वृद्ध महिला श्रीमती सूरजमुखी की घर के वाहर सोते समय लूटपाट कर हत्या का प्रयासकर गम्भीर रूप से घायल किया गया। राजू वृद्ध लोगों को अपना शिकार बनाता था, जो हाल में आगरा रह रहा था। आगरा से आकर वारदात को अंजाम देता था। दो सौ सीसीटीवी फुटेज केमरों की निगरानी के बाद उसे चिन्हित किया गया। राजू खान की गिरफ्तारी के लिए उप महा निरीक्षक आगरा परीक्षित द्वारा 50 हजार का तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। बदमाश राजू खान के उपर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिसके पास से अवैध पिस्तौल भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और खाली खोखा भी बरामद किए गए हैं।

## रमण ने संभाला पीएफआरडी अध्यक्ष का पदभार

**नई दिल्ली, वार्ता**



शिवसुब्रमण्यम रमण ने शुक्रवार को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार रमण को भारत सरकार द्वारा 8 अप्रैल, 2025 की अधिसूचना के तहत पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेशों तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त किया गया है। रमन 1991 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा (आईए एंड एएस) अधिकारी हैं। पीएफआरडीए में आने से पहले उन्होंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने पहले भी नेतृत्व के कई पदों पर कार्य किया है, जिसमें भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (एसआईडीबीआई) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा लिमिटेड (एनईसीएल) के प्रबंध निद.ेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और झारखंड राज्य के प्रधान महालेखाकार शामिल हैं। उन्होंने वर्ष 2006 से 2013 तक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और फिर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी कार्य किया। श्री रमन के पास अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री और दिल्ली विश्व.विद्यालय से एमबीए की डिग्री है। उनके पास कई पेशेवर और शैक्षणिक योग्यताएं भी हैं। इनमें लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से वित्तीय विनियमन में एमएससी, एलएलबी, इंडियन स्कूल ऑफ़ बिज़नेस से चीफ डिजिटल ऑफिसर सर्टिफिकेशन, इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंटरनल ऑडिटर्स (आईआईए), फ्लोरिडा से प्रमाणित आंतरिक लेखा परीक्षक क्रेडेंशियल और सिक्योरिटीज़ लॉ में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शामिल हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 42 फीसद हिस्सा अकेले यूपी के नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के राष्ट्र को समर्पण के साथ ही उत्तर प्रदेश देश के कुल एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 42 प्रतिशत हिस्सा अकेले अपने नाम कर चुका है। अभी तक यह 38 फीसद था।

यही नहीं, मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे (594 किमी) का उद्घाटन होने के बाद उत्तर प्रदेश में अकेले देश का एक्सेस कंट्रोल्ड नेटवर्क 62 प्रतिशत हो जाएगा। यानी देश में बने हर 10 किलोमीटर एक्सप्रेसवे में से 6 किलोमीटर एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में होंगे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश में कई और एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं, जबकि कई नए एक्सप्रेसवेज को शासन द्वारा मंजूरी दी गई है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के अनुसार, देशभर में जहां कुल 2900 किमी एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे मौजूद हैं, वहीं 1200 किमी से ज्यादा एक्सप्रेसवे अकेले उत्तर प्रदेश में हैं। यह पूरे देश के कुल एक्सप्रेसवे के नेटवर्क का 38 प्रतिशत है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के जुड़ने से यह आंकड़ा अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया है। श्री सिंह ने बताया कि जल्द ही गंगा एक्सप्रेसवे भी इसका हिस्सा होगा, जिसके जुड़ने से उत्तर प्रदेश का कुल शेयर 62 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण न सिर्फ भौगोलिक बाधाओं को पार कर हुआ है, बल्कि यह पूर्वांचल की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर को भी बदलने जा रहा है। इसे बनाने में 7200 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें 3400 करोड़ रुपये इसे बनाने में और शेष भूमि अधिग्रहण और अन्य मदों में खर्च किया गया है। इसके लिए 22 हजार किसानों से 1100 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। उत्तर प्रदेश देश का पहला और इकलौता राज्य है, जहां सबसे अधिक एक्सप्रेसवे न केवल बनकर तैयार हो चुके हैं, बल्कि कई निर्माणाधीन और प्रस्तावित भी हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का सातवां एक्सप्रेसवे है। इसके अतिरिक्त 3 निर्माणाधीन और 8 प्रस्तावित हैं। प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे (594 किमी), बलिया लिंक एक्सप्रेसवे (35 किमी) और लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे (63 किमी) तेजी से पूर्ण हो रहे हैं। वहीं, चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को वाया फर्रूखाबाद, गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे तथा जेवर एयरपोर्ट लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण गतिमान है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है, जहां 2000 किमी से अधिक एक्सप्रेसवे नेटवर्क की योजना पर काम हो रहा है। यूपी में एक्सप्रेसवे न केवल राजधानी या बड़े शहरों तक सीमित हैं, बल्कि बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई जैसे क्षेत्रों को भी जोड़ रहे हैं।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र की पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के परिजनों की सूचना पर मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई थी। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से संबंधित है, जहां की नाबा. लिग बालिका को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की। गहन प्रयासों के बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा तथा पोक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी और उनकी पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित न्याय की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

# घरेलू नौकरों की नई खेप तैयार करेगा हुनर हाथ प्रोजेक्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

### पांच जिलों में पायलट योजना के तहत शुरू होगा प्रशिक्षण, डिजिटल पोर्टल से मिलेंगी सेवाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अब घरेलू कामों के लिए प्रशिक्षित नौकर तैयार करने जा रही है। 'हुनर हाथ' नाम से शुरू हो रही यह योजना प्रदेश के युवाओं को खाना पकाने, सफाई करने, देखभाल और घरेलू उपकरणों की देखरेख जैसे कामों के लिए प्रशिक्षित करेगी, ताकि आमजन को घरेलू नौकरों की सुविधा डिजिटल माध्यम से सुलभ हो सके।

योजना की शुरुआत पांच जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की जा रही है। योगी सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की यह पहल राज्य में घरेलू सेवाओं के लिए एक संगठित और भरोसेमंद नेटवर्क खड़ा करने की दिशा में बताई जा रही है। इस योजना में युवाओं को आवासीय और अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं दी जाएंगी और प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें एक डिजिटल पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जहां से आम नागरिक उन्हें घरेलू नौकर के रूप में सेवा के लिए बुला सकेंगे। प्रोजेक्ट की प्रस्तुति विभागीय प्रमुख सचिव डा. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रशिक्षित युवाओं को एक ऐसा डिजिटल प्लेटफार्म मिलेगा जहां उनकी सेवाओं की मांग सीधे आमजन से जुड़ सकेगी। भोजन बनाना, घर की सफाई, देखभाल सेवाएं, और उपकरणों की मरम्मत जैसे कार्यों के लिए चयनित युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने इसे रोजगारपरक योजना बताते हुए कहा कि यह न सिर्फ बेरोजगार युवाओं के लिए अवसर बनाएगी, बल्कि घरेलू स्तर पर लोगों को भरोसेमंद सेवाएं भी देगी। उन्होंने बताया कि हुनर हाथपोर्टल पर सभी प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जहां से आम नागरिक आवश्यकता अनुसार स्थानीय सेवा प्रदाताओं को चुन सकेंगे। प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बैठक में निर्देश दिया कि योजना में शामिल सभी युवाओं का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाए और पोर्टल पर सेवाओं को साफ-साफ वर्गीकृत किया जाए, ताकि आम आदमी के लिए यह प्रयोग में आसान हो। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने को भी कहा। योजना को लेकर विभाग की ओर से जिस भाषा में इसे प्रस्तुत किया गया है, उससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि इसका मुख्य उद्देश्य घरेलू सहायकों यानी घरेलू नौकरों का एक प्रशिक्षित समूह तैयार करना है।

# लखनऊ में शहीदों की गाथा गूंजेगी रोशनी और आवाज़ के जरिये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों की शौर्यगाथा अब राजधानी लखनऊ के स्मृतिका वार मेमोरियल में अत्याधु. निक लेजर लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से गूंजेगी। कैन्ट क्षेत्र स्थित इस वार मेमोरियल को राष्ट्र गौरव और बलिदान का प्रतीक बताते हुए प्रदेश सरकार ने यहां एक प्रेरणादायक और तकनीकी दृष्टि से सुसज्जित शो शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को सौंपी गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह परियोजना प्रदेश में देशभक्ति, पर्यटन और ऐतिहासिक चेतना के समन्वय का प्रतीक होगी। शो की संकल्पना देश के सैन्य इतिहास को रोशनी, ध्वनि, एनिमेशन, चित्रण और भावनात्मक संगीत के साथ पेश करने की है, ताकि दर्शक केवल सुनें ही नहीं, उस इतिहास को महसूस भी कर सकें। यह शो पंद्रह से बीस मिनट की एक विशेष प्रस्तुति होगी, जिसमें भारत के युद्ध इतिहास, शहीदों के त्याग और सैनिकों की गौरवगाथा को दो भाषाओं में प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि यह विविध दर्शकों तक सहज रूप से पहुंच सके। लाइव-एक्शन, प्रभावशाली स्क्रिप्ट, चित्र और ध्वनियों के समावेश से यह कार्यक्रम केवल जानकारी देने वाला नहीं बल्कि भावनाओं को भी झकझोरने वाला होगा। मंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत न केवल शो की डिज़ाइन और स्थापना की जाएगी, बल्कि आगामी पांच वर्षों तक इसके संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इसका उद्देश्य वर्तमान और भावी पीढ़ी को यह याद दिलाना है कि आजादी और अखंडता की यह जमीन किन बलिदानों की नींव पर खड़ी है। स्मृतिका वार मेमोरियल को उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के सांस्कृतिक और पर्यटन मानचित्र पर एक सशक्त विरासत स्थल के रूप में उभारना चाहती है। यह पहल इस दिशा में उठाया गया एक अभिनव कदम है, जो न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि देशभर से आने वाले पर्यटकों को भी भारत के वीरों को जानने-समझने और नमन करने का अवसर देगा।

# विभाजन और भ्रष्टाचार की राह पर चल रही है भाजपा सरकार : अखिलेश यादव

### शिक्षा, स्वास्थ्य और आरक्षण पर हमला कर रही है सरकार, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को लेकर भी उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर विभाजनकारी राजनीति और शासन में गम्भीर भ्रष्टाचार फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अल्पसंख्यकों की संस्थाओं को निशाना बना रही है, मदरसों को बंद करवा रही है, ज़मीनों के कागज़ खंगाल रही है और बुलडोजर की कार्रवाई का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा न सिर्फ मुस्लिम, बल्कि ईसाई समुदाय की संस्थाओं में भी दखल की कोशिश कर रही है।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों और संस्थाओं को समाप्त करने की है। पहले की सरकारों ने अल्पसंख्यकों के लिए विशेष अधिनियम बनाकर उन्हें अधिकार दिए थे, लेकिन भाजपा ने इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। शिक्षा विभाग की स्थिति पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। स्कूल बंद किए जा रहे हैं, जिससे गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही हविकसित भारत है, जहां स्कूल बंद हों, शिक्षक न हों और बच्चों की पढ़ाई ठप हो जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकार का ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का दावा महज़ दिखावा है, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का बजट भ्रष्टाचार के हाईवे पर बह रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सड़क केवल फोरलेन है, एक्सप्रेस-वे नहीं। सात हजार करोड़ की लागत से बना 91 किलोमीटर का यह प्रोजेक्ट भारतीय रोड कांग्रेस के मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने पूछा कि क्या मानकों से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्रवाई होगी?सरकारी कामकाज पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पूरी भाजपा सरकार झगड़े और बंटवारे से जूझ रही है। मंत्री और अफसरों में सामंजस्य नहीं है। एक डिप्टी सीएम ने तक शिकायत की है कि उन्हें ट्रांसफर लिस्ट नहीं दिखाई गई। स्वास्थ्य, नगर विकास, लोक निर्माण और शिक्षा विभागों में व्यापक भ्रष्टाचार है। स्मार्ट सिटी योजनाओं में बजट मिलने के बावजूद ड्रेनेज व्यवस्था ध्वस्त है कृ मथुरा, आगरा, उन्नाव और गोरखपुर जैसे शहरों में नाले चोक पड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पर भी लेनदेन के आरोप लगे हैं और डी कम्पनी नाम के साथ उनका संबंध सामने आया है। यही वजह है कि अब मुख्यमंत्री स्वयं डी कम्पनी की बात कर रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को लेकर उन्होंने विस्तार से बताया कि इसकी आधारशिला समाजवादी सरकार में नेताजी के लोकसभा क्षेत्र आजमगढ़ से रखी गई थी। टेंडर समा. जवादी सरकार में ही हो गया था, लेकिन चुनाव आचार संहिता के कारण खोला नहीं जा सका। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद मानकों से छेड़छाड़ कर टेंडर रद्द किया और अपने ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए दोबारा टेंडर किया। लखनऊ मेट्रो को लेकर उन्होंने कहा कि अमौसी से पालिटेक्निक तक चल रही यह परियोजना समाजवादी सरकार की देन है। भाजपा ने केवल नाम लिखवाकर उद्घाटन किया, लेकिन उसे आगे नहीं बढ़ाया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के खिलाफ है और आरक्षण विरोधी मानसिकता रखती है। भर्तियों में आरक्षण नियमों का पालन नहीं हो रहा। उन्होंने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन नहीं बढ़ाया, इसलिए निजीकरण की ओर भाग रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली कृ तीनों बुनियादी सेवाओं को सरकार ने बर्बादी के कगार पर ला दिया है।अखिलेश यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी चुनावों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अधूरी परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को आगे बढ़ाया जाएगा, और जनता को एक बार फिर सुशासन मिलेगा।

# शिक्षकों का शोषण कर रही है भाजपा सरकार : सपा

### स्कूल मर्जर गरीबों को शिक्षा से दूर करने की साजिश बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा विभाग को पूरी तरह बर्बाद करने में लगी है। उन्होंने कहा कि सरकार सुनियोजित साजिश के तहत स्कूलों को बंद कर रही है, ताकि शिक्षकों की नियुक्ति और नौजवानों को मिलने वाली नौकरियों को सीमित किया जा सके।

पार्टी मुख्यालय में डीएलएड, बीटीसी, शिक्षामित्रों तथा माध्यमिक शिक्षा संगठनों के प्रतिनिधियों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार शिक्षकों का शोषण कर रही है और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर वसूली एक आम बात हो चुकी है। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक ने स्वयं उन्हें बताया कि तबादले के लिए तय दरें हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक समुदाय की हालत इस कदर बदतर कर दी गई है कि उनसे गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं और डिजिटल उपस्थिति जैसे नियम थोपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी देर से स्कूल नहीं आना चाहता, लेकिन ट्रैफिक, रेलवे फाटक या अन्य परिस्थितियों के कारण विलंब हो सकता है। ऐसे में शिक्षक को दोषी मानकर दंडित करना अन्याय है। अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों के सम्मान की बात करने वाली भाजपा सरकार दरअसल उन्हें अपमानित कर रही है। हसरकार जब शिक्षा और शिक्षक की बात आती है तो गूंगी-बहरी हो जाती है। उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल मर्जर की नीति दरअसल गांवों में रहने वाले गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने का एक षड्यंत्र है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में लगभग दो लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं लेकिन सरकार नियुक्ति नहीं कर रही। स्कूल कम होंगे तो पद घटेंगे और नियुक्ति की बाध्यता भी नहीं रहेगी। उन्होंने पुरानी योजनाओं की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में शुरू की गई कन्या विद्याधन और लैपटाप योजना से बेटियों ने दोबारा पढ़ाई शुरू की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सब कुछ बंद कर दिया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पाण्डेय, लाल बिहारी यादव, राजेन्द्र चौधरी, राम अचल राजभर, वीरेन्द्र यादव, कमलाकांत राजभर सहित कई विधायक और शिक्षक संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ में फिर दिखा कोरोना का साया, केजीएमयू के तीन डाक्टर भी संक्रमित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानसून के क़दमों की आहट के बीच राजधानी लखनऊ में कोरोना संक्रमण की वापसी ने चिकित्सा महकमे को एक बार फिर सजग कर दिया है। बीते दो दिनों में कुल सत्रह व्यक्तियों की कोरोना जाँच रिपोर्ट सकारात्मक आई है।

इन सत्रह में से दस मामले केवल शुक्रवार को सामने आए, जिनमें तीन केजीएमयू के वरिष्ठ डाक्टर भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक व्यक्ति हाल ही में थाईलैंड से यात्रा कर लौटा है और उसमें भी संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस अचानक आए उभार के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। शासन द्वारा सभी जनपदों को सचेत करते हुए यह निर्देश जारी किया गया है कि कोरोना की रोकथाम के लिए एहतियाती उपाय फिर से प्रभावी किए जाएं। लखनऊ जनपद में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर तत्काल एंटीजन जांच व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। संपर्क में आए व्यक्तियों की पहचान और निगरानी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने इस स्थिति पर कहा है कि ष्कोरोना की वापसी डराने वाली नहीं है, परंतु सतर्कता अत्यावश्यक है। यह नया संक्रमण मुख्यत: पूर्व से बीमार और उम्रदराज़ लोगों को प्रभावित कर रहा है। जनता को घबराने की नहीं, बल्कि सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डा. सूर्यकांत का मानना है कि यह समय कोरोना के संभावित प्रसार से पूरी तरह इनकार का नहीं, बल्कि संयम और सजगता का है। सर्दी-जुकाम या बुखार जैसे सामान्य लक्षणों को हल्के में न लें और चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें। पिछले अनुभव यह बताते हैं कि गर्मियों के अंत और वर्षा ऋतु के आगमन पर संक्रमण की तीव्रता सामान्यत: कम हो जाती है।

# तबादलों के नाम पर बढ़ते भ्रष्टाचार पर सख्त हों मुख्यमंत्री : मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विभागीय तबादलों को लेकर लगातार उठ रही भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की चर्चाओं पर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने मुख्यमंत्री से सख्त रुख अपनाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह सफाई देने या बचाव करने का नहीं, सीधे कार्रवाई करने का समय है। देश के अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी सरकारी तबादलों के नाम पर भारी भ्रष्टाचार की खबरें आम होती जा रही हैं, जो कि शासन-प्रशासन के लिए एक गम्भीर चुनौती बन चुकी है। मायावती ने कहा कि आए दिन आम चर्चा में यह विषय रहता है कि किस विभाग में तबादले के लिए क्या रेट चल रहा है। यह स्थिति बेहद शर्मनाक है और इससे शासन की साख पर भी सवाल खड़े होते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेकर एसआईटी और विजिलेंस जांच करानी चाहिए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केवल बयानबाज़ी से नहीं, ठोस कार्रवाई से ही शासन की नीयत और नीति का प्रमाण मिलेगा।

# नियम विरुद्ध तैनात हैं एडीओ पंचायत प्रभारी : प्रवीण सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जनपद सीतापुर में पंचायती राज विभाग की मनमानी कार्यशैली लगातार बरकरार है। जिसमें नियमों को ताख पर रखकर कार्य किये जा रहे है। जिससे जहां ग्राम पंचायतों में दिन ब दिन भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है, वही नियम विरूद्ध तरीके से ग्राम पंचायत सचिवों व एडीओ पंचायतों की तैनाती से भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिल रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जनपद में विभिन्न संगठनों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों व मांगो को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चन्द्र शाहू ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत में बड़ा फेर बदल तो किया है। लेकिन अभी भी जनपद के विकास खण्ड मछरेहटा व रामपुर मथुरा में कनिष्ठ सचिवों के पास एडीओ पंचायत का प्रभार है । जो वित्तीय अधिकारों का भी नियम विरूद्ध तरीके से उपयोग कर रहे है । साथ ही गृह ब्लाकों में तैनात पंचायत सचिवों के अभी भी स्थानान्तरण नही किये गये है। अभी भी कई ऐसे सचिव है जिनका कार्यकाल पूर्ण हो चुका है लेकिन स्थानान्तरण नही किया गया है। जबकि जिला मुख्यालय पर नियम विरूद्ध तरीके से सम्बद्ध किये गये दो एडीओ पंचायतो में से एक ही एडीओ पंचायत को विकास खण्ड में तैनाती की गई। एक एडीओ पंचायत अभी भी नियम विरूद्ध तरीके से जिले पर सम्बद्ध है। पंचायत चुनाव नजदीक है चुनाव की पारदर्शिता देखते हुए प्रदेश व जनपद के जिम्मेदारों को चाहिए कि नियम विरूद्ध तरीके से तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानान्तरण करे। जल्द ही उच्चाधिकारियों को जनपद की स्थित से अवगत कराया जायेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# समाज में बढ़ते यौन अपराध : नशा, वासना और विकृति का बना एक त्रिकोण

**वीरेश तरार**

**लखनऊ।** महिलाओं और बच्चियों के प्रति अपराधों में एक चौंकाने वाली तेजी पिछले कुछ महीनों में देखी जा रही है। इन घटनाओं ने न केवल प्रदेश की कानून व्यवस्था झअजछछंघ्को सवालों के घेरे में खड़ा किया है, बल्कि समाज की मानसिक और नैतिक स्थिति को भी चिंता. जनक रूप में उजागर किया है। दुर्भाग्य यह है कि हर ऐसी घटना के बाद राजनी. तिक बयानबाज़ी तेज हो जाती है, किंतु अपराध की जड़ में जाकर उसका वैज्ञानिक विश्लेषण और मानसिकता की पड़ताल नहीं हो पाती।

अपराध की प्रकृति अब पारंपरिक नहीं रह गई है। वह समाज की एक बीमार चेतना का परिणाम बन चुकी है। हाल की घटनाओं से स्पष्ट होता है कि नशे की लत, मानसिक विकृति और वासना की हिंस्र प्रवृत्ति मिलकर एक ऐसा त्रिकोण बना रही है, जिसकी शिक. ार हो रही हैं हमारी बेटियां ङ्ख तीन साल से लेकर 13 साल तक की मासूम बच्चियां। आज ही चित्रकूट जनपद के मऊ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जिसमें बच्ची की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने स्थानीय युवक को हिरासत में लिया है, जिसकी मानसिक स्थिति असामान्य पाई गई है। सूत्रों के अनुसार वह व्यक्ति नशे का पुराना आदी है और पूर्व में भी अश्लील व्यवहार की शिकायतें उसके विरुद्ध की जा चुकी हैं। ऐसी घटनाएं अब अपवाद नहीं, एक क्रम बन गई हैं। इससे पहले लखनऊ के बंथरा, सीतापुर के हरगांव, उन्नाव के पुरवा, और बाराबंकी के जैदपुर क्षेत्रों से आई घटनाएं भी इसी पैटर्न पर सामने आई हैं कृ आरोपी नशे की हालत में, पीड़िता मासूम बच्ची, और समाज स्तब्ध। यह स्तब्धता अब केवल संवेदना नहीं, बल्कि सामूहिक असहायता की परिणति बनती जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि गांजा, चरस, अफीम और सस्ता शराब आज छोटे कस्बों और गांवों तक आसानी से उपलब्ध है। एक ओर भांग के सरकारी ठेके हैं, दूसरी ओर उन्हीं के आसपास अवैध नशे के अढे फलफूल रहे हैं। कई स्थानों पर यह भी देखने में आया है कि पुलिस की मौन सहमति या स्थानीय प्रभावशाली तत्वों की सरपरस्ती में यह काला कारोबार चल रहा है। राज्य के अनेक सामाजिक संगठनों ने इस बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर चिंता जताई है। 'युवा जन चेतना मंच', 'नारी संकल्प अभियान', 'भारतीय ग्रामीण न्याय परिषद', और 'जन समाज प्रहरी संगठन' ने संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि अपराधी की सजा अपनी जगह, लेकिन अपराध की वजह को मिटाना उससे भी बड़ी ज़रूरत है।इन संगठनों ने मांग की है कि सरकार केवल अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मानने की भूल न करे, बल्कि स्कूलों, गांवों और कस्बों में 'नशा मुक्ति अभियान' को पुन: जीवंत करे। खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां और नैतिक शिक्षा को नई प्राथमिकता दी जाए। गांव-गांव 'नशा मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' की शुरुआत की जाए। कई रिपोर्टों में यह संकेत मिले हैं कि कुछ सरकारी भांग/शराब ठेकों के आसपास अवैध नशे के विक्रय बिंदु तैयार हो गए हैं। कहीं ये ठेके महज़ आड़ बन गए हैं, जहां से सिंथेटिक ड्रग्स और इंजेक्टेबल नशा बेचा जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कृ क्या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रणाली ही अपराध की जड़ बन रही है। वर्तमान में विपक्ष द्वारा इन घटनाओं पर सत्तापक्ष को घेरने की राजनीति भले ही स्वाभाविक प्रतीत हो, किंतु इस समूचे संकट को राजनीतिक रंग देना समाज के साथ अन्याय है। अपराध का विरोध और उसकी रोकथाम केवल विपक्ष या सत्ता का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना का सवाल है। यह स्वीकार करना होगा कि नशा, बेरोज़गारी, डिजिटल अश्लीलता और नैतिक अवमूल्यन जैसे तत्वों ने समाज में एक दुष्चक्र निर्मित किया है, जो व्यक्ति को अपराधी बना रहा है और पीड़िता को जीवन भर का घाव दे रहा हैं। अपराधियों के लिए सज़ा और पुलिस कार्यवाही आवश्यक है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं। ज़रूरत है उस सोच को बदलने की जो अपराध की जड़ है। जब तक समाज अपने युवाओं को नशे से, विकृति से, और वासना के जाल से बाहर निकालने का प्रयास नहीं करेगा, तब तक इस अंधेरे में हर दिन एक और बच्ची, एक और महिला, एक और परिवार उजड़ता रहेगा। नागरिक संगठनों और स्वयं सेवी संस्थाओं के सुझावों पर अमल करते हुए सरकार को चाहिए कि वह 'समाज में मानसिक स्वास्थ्य और नैतिक पुनर्जागरण' को प्राथमिकता दे। स्कूलों में नैतिक शिक्षा, डिजिटल यौन शिक्षा, नशा जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य हों। गांव-गांव खेल प्रतियोगिताएं, लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक संवाद को पुनर्जीवित किया जाए।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** तालगांव थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तालगांव थाना क्षेत्र के मेहंदीपुरवा रोड नहर पटरी पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सरैंया ऊंचाखेर निवासी अंकुल पुत्र छुटकन्न को गिरफ्तार किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-Toi-92-24-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.07.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.07.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1856/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भूमि विवाद में भाकियू ने खोला मोर्चा

## पुलिस पर भाजपा नेता के दबाव में एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। गांव भगवानपुर भूड़ में भूमि विवाद से उपजा मामला अब राजनी. तिक और सामाजिक तनाव का केंद्र बनता जा रहा है। भाजपा के बूथ अध्यक्ष गुलफाम द्वारा पुलिस पर उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद बुधवार को जहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया विधायक ने भी पुलिस पर कार्यकर्ताओं को अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाया था और पुलिस को सुधार की नसीहत दी थी, वहीं अब यह मामला और अधिक गंभीर होता नजर आ रहा है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने दूसरे पक्ष अजीम के समर्थन में तहसील मुख्यालय और थाने पर प्रदर्शन कर पुलिस की कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताया।

गांव भगवानपुर भूड़ में दो पक्षो के बीच भूमि को लेकर विवाद है। गुलफाम ने आरोप लगाया था कि अजीम पक्ष ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की और पुलिस इस मामले में निष्क्रिय रही। इस शिकायत के बाद बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और विरोध जताया। विधायक राजीव तरारा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को जमकर फटकार लगाई थी। हालांकि, अब अजीम पक्ष ने मोर्चा संभाल लिया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता अजीम के समर्थन में थाने पहुंचे। यूनियन के पश्चिमी प्रदेश महासचिव युवा गुरमीत सिंह ने आरोप लगाया कि अजीम ने भूमि का वैध रूप से बैनामा कराया है और दाखिल-खारिज भी उसी के नाम है। इसके बावजूद गुलफाम के राजनीतिक प्रभाव में आकर पुलिस ने अजीम के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। गुरमीत सिंह ने कहा कि 15 जून को दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में अजीम के परिवार के कई सदस्य घायल हुए थे, जिनका मेडिकल भी कराया गया। यूनियन नेताओं ने तहसीलदार और पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि अजीम के खिलाफ दर्ज मुकदमा तत्काल वापस लिया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 25 जून तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो किसान यूनियन जिलेभर में उग्र आंदोलन शुरू करेगी।इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारी तहसील मुख्यालय भी पहुंचे और तहसीलदार को पत्र सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने प्रशासन से यह भी कहा कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो जिला मुख्यालय तक प्रदर्शन और धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। यहां सौवीर सिंह, सुभाष चीमा, देशराज सिंह, जयपाल सिंह, बचन सिंह, फुलवास सिंह, मयंक धारीवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों के बीच भी इस विवाद को लेकर चर्चा गर्म है, और दोनों गुटों में बढ़ता तनाव स्थानीय शांति व्यवस्था के लिए चुनौती बनता जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस प्रकरण को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वाकई दोनों पक्षों के बीच न्यायसंगत समाधान निकाल पाता है या यह मामला और अधिक राजनैतिक और सामाजिक संघर्ष की दिशा में अग्रसर होता है।



मंडी धनौरा। एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी।

# चिकित्सक पर कार्रवाई न होने से सपाईयों में रोष

## एसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी करने वाले धनौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रभारी डॉक्टर कुणाल पारासर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से सपाईयों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी अमित कुमार आनंद से मुलाकात की, तथा उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए अगवत कराया कि 12 जून को सीएचसी प्रभारी डॉ. कुणाल पारासर द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के प्रति अपशब्दों का प्रयोग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके विरोध में धनौरा थानाध्यक्ष को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई डॉ. कुणाल के खिलाफ नहीं हुआ है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। सपा पदाधिकारियों ने शीघ्र डॉ. कुणाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष आमिर रजा, आलोक कुमार भारती, अनीस मलिक, केपी यादव, निर्दोष सैनी मौजूद रहे।

# हसनपुर रोड पर दो बाइक टकराई, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उमंग डेयरी के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक ही हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घास मंडी निवासी लखन सिंह का पुत्र देवेंद्र मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर में अपनी ससुराल जा रहा था। उसके साथ उसका दोस्त राजू भी था। बताया जा रहा है कि जब इनकी बाइक उमंग डेयरी के पास पहुंची तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में देवेंद्र व राजू के साथ साथ दूसरी बाइक पर सवार युवक घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने देवेंद्र को बेहतर उपचार के लिए से हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना को अंजाम देने वाले दूसरे बाइक चालक के अस्पताल से फरार होने की सूचना है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### झाड़ू लगाने को मारपीट, मां-भाई पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। झाड़ू लगाने को लेकर विवाद में पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में युवक ने मां और भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायंती कलां का है। यहां रहने वाले मेहरबान अली की शादी साल 2021 में मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव चौरा निवासी साकरीन के साथ हुई थी। मेहरबान अली का आरोप है कि घरेलू काम को लेकर परिवार के लोग शादी के बाद से ही पत्नी को प्रताड़ित करते थे। घटना 16 जून की रात नौ बजे की है। घर के सामने झाड़ू नहीं लगाने को लेकर झगड़ा करते हुए मां मुनाजरी, भाई नवाब जान व शाहरुख खान ने साकरीन को मारपीट कर घायल कर दिया। मायके नहीं जाने पर तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ले के लोगों ने बमुश्किल साकरीन को आरोपियों से बचाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। हेल्पिंग हैंड्स संस्था द्वारा चल रहे योग सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को एक विशेष योग सत्र का आयोजन नगर में किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार से हुई, जिसके बाद प्रशिक्षित योग शिक्षकों ने प्रतिभागियों को प्राणायाम, ध्यान और अन्य योगासनों का अभ्यास कराया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को योग के लाभ और इसके वैज्ञानिक महत्व की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर संस्था की सदस्य रेनुका, कमलेश, रमा, आरती, नीति, शिल्पी, उषा, दीप्ति, वैशाली, रश्मि और सुषमा भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेल्पिंग हैंड्स धनौरा का यह प्रयास नगरवासियों के बीच प्रशंसा का विषय बना और लोगों ने संस्था की इस पहल को स्वास्थ्यवर्धक कदम बताया

### शिक्षकों ने किया खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद का शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी परिसर में किया गया, जहां शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अमित तेजा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नवागत बीईओ के नेतृत्व में क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में और अधिक पारदर्शिता व कार्यकुशलता आएगी। दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी के अध्यक्ष अमित तेजा, शिवम पराशर, मोहित देओल, योगेन्द्र सिंह, अमित गर्ग, राज. कुमार पाल, कंचन अग्रवाल, अरविंद पंघाल, प्रदीप कुमार, सोमपाल सिंह, विवेक, रिंकी, अरुण कुमार शर्मा, परविंदर सिंह, निशांत, दीपक चौहान, अक्षय त्यागी समेत शिक्षक संघ से जुड़े अन्य पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# किसान नेता व बेटे को दबंगों ने किया अधमरा

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दबंगों ने किसान नेता व उसके पुत्र को बुरी तरह से मारपीट कर अधमरा कर दिया। गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। दबंगो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र गांव लुहारी खादर में देर सांय गये भारतीय किसान यूनियन के नेता मेवाराम का पुत्र लोकेश खेत से अपने घर को लौट रहा था। गांव के दबंगों ने किसान नेता के पुत्र को पकड़ लिया तथा उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर किसान नेता मौके पर पहुंच गये तथा बीच बचाव कराने लगे। इस दौरान दबंगो ने अपना आपा खो लिया तथा किसान नेता मेवाराम को भी पकड़ लिया। उसके बाद दबंगों ने पिता पुत्र पर जमकर कहर बरपाया तथा उनकी इस कदर बेदर्दी के साथ पिटाई की वह दोनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गये। उसके बाद दबंग किसान नेता व उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। किसान नेता व उनके पुत्र कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने पिता पुत्र का मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

# शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो

## माशिसं ने डीआईओएस का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार यादव से शिक्षकों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

शुक्रवार को माशिसं के प्रतिनिधि मंडल ने नवागंतुक डीआईओएस प्रवेश कुमार यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा तथा शीघ्र उनके समाधान की मांग की। डीआईओएस ने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की जो भी समस्याएं सामने आयेंगी उनका समय से समाधान कराया जायेगा। विद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था उनकी पहली प्राथमिकता है। किसी भी शिक्षक व प्रधानाचार्य से कोई भी अतिरिक्त काम नहीं लिया जायेगा। उन्होंने संगठन का आह्वान करते कहा कि वह इसमें अपना सहयोग दें। इस दौरान बुके व फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रद.



ेशीय मंत्री डा. जीपी सिंह, जिलाध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह, अतुल कुमार शर्मा, श्रीमति चारू शर्मा, कृष्णपाल सिंह, आसिम अब्बासी, दानिश हबीब, सुहाना मंजूर आदि शामिल रहे।



# एडीजी ने रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया

## पुलिस लाइन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली जोन रमित शर्मा ने एसपी अमित कुमार आनंद के साथ गुरुवार रात डब्ल्यूटीएम कॉलेज डिडौली में बने रिक्रूट प्रशिक्षण सेंटर का निरीक्षण किया। आवासीय व्यवस्थाओं, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, विद्युत, पंखा/कूलर आदि सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की गहन जांच की। रिक्रूट आरक्षियों से बातचीत करते हुए एडीजी ने कहा कि वह मेहनत और ईमानदारी के साथ अपना काम करें। किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तो वह पुलिस अधिकारियों को बताएं, जिनका जल्द ही समाधान किया जाएगा। वहीं, निर्माणाधीन पुलिस लाइन का भी निरीक्षण किया। एडीजी ने पुलिस लाइन के मॉडल को देखते हुए बाद में स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को निर्माण गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी शक्ति सिंह, सीओ साइबर अंजलि कटारिया, प्रतिसार निरीक्षक घनश्याम मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोरों पर चोरी छिपे बिक रहीं नशीली दवाएं

## किशोर एवं युवा कर रहे अपना भविष्य बर्बाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** प्रतिबंधित होने के बाद भी चोरी छिपे मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवाओं व इंजेक्शन की बिक्री जारी है। किशोर और युवा इन नशीली दवाओं और इंजेक्शन के शिकार बन रहे हैं।

बता दें कि सरकार द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री को आम तौर पर बेचना प्रतिबंधित है, यदि किसी मरीज को इसकी आवश्यकता होती है तो उसके लिये डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन जरूरी है। लेकिन जनपद भर के विभिन्न मेडिकलों पर नियमों की अनदेखी करते हुए नशाली दवाओं की बिक्री जा रही है।

**औषधि विभाग को अभियान चलाने की जरूरत**

औषधि विभाग को इसपर अंकुश लगाने के लिये कड़ाई से अभियान चलाने की आवश्यकता है। देखने में आया है कि किशोर और युवा इन नशीली दवाओं के जाल में फंस रहे हैं। एक तो यह दवाईयां सस्ते मिल जाते हैं, जिससे वे अपने नशे की आपूर्ति आसानी से कर लेते हैं, लेकिन जब तक सख्ती से इस तरह नशीली दवाओं की बिक्री नहीं रूकेगी तो न जाने कितने युवा और किशोर इस नशे के जंजाल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर लेंगे। बता दें कि शासन की सख्त हिदायत है कि ऐसी दवाएं जो कि मानसिक रोग, अवसाद, नींद के लिये दी जाती हैं, वे नशे में भी प्रयोग हो जाती हैं, ऐसी दवाओं को बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेचना पूरी तरह से गलत है। नारेकोटिक्स ग्रुप के अर्न्तगत आने वाली ऐसी कई दवाईयां हैं जिनकी आमतौर पर बिक्री पूरी तरह से आम आदमी के लिये प्रतिबंधित है, लेकिन फिर भी मेडिकल स्टोर संचालक युवा व किशोर पीढ़ी को बर्बाद करने के लिये नियमों को ताक पर रखकर नशे का सामान बेच रहे हैं।

# सहारनपुर में किसान ने 55 डिग्री तापमान में भी उगा दिए सेब

**सहारनपुर।** कश्मीर और हिमाचल के ठंडे इलाकों में पैदा होने वाले सेब को नानौता ने एक किसान ने 55 डिग्री तापमान में भी उगा दिया है। किसान ने सेब के जो पेड लगाये है उनसे 3 साल में ही पैदावार के साथ कमाई भी होने लगती है।जिले के ननौता ब्लॉक के रहने वाले शहंशाह आलम ने एक मिसाल कायम की है। वह पेशे से शिक्षक हैं लेकिन खेती में भी उनकी रुचि कम नहीं है। पारंपरिक खेती छोड़कर उन्होंने कुछ अलग करने की ठानी और यूट्यूब से प्रेरणा लेकर हिमालयी सेब की खेती सहारनपुर की गर्म धरती पर शुरू कर दी।उन्होंने हरिवन 99 वैरायटी के लगभग 100 पौधे लगाए जो कि राजस्थान और गर्म क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से विकसित की गई है। यह वैरायटी 50 से 55 डिग्री तापमान में भी अच्छे से फल देती है। पांच साल पहले लगाए गए पौधों से अब हर पौधे से 10-15 किलो तक फल मिल रहा है। उन्होने बताया कि सेब की यह फसल आम से पहले आती है, जिससे इसका बाजार मूल्य भी बेहतर मिलता है। यह सेब मंडी में 100 प्रति किलो तक बिक रहा है। इस वैरायटी में विटामिन ब भरपूर मात्रा में होता है और स्वाद में भी यह बेहद टेस्टी है। इसकी खासियत यह है कि यह ठंड की बजाय गर्मी में भी फलता है और जब दूसरे सेब बाजार से गायब हो जाते हैं, तब यह उपलब्ध होता है। इस कारण इसे अच्छे दाम मिलते हैं।हरिवन 99 वैरायटी हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर गांव में विकसित की गई है। शहंशाह आलम ने बताया कि शुरू में तीन साल बाद ही फल आना शुरू हो जाता है और 8 साल में एक पौधा 40-50 किलो फल देने लगता है। उन्होंने 100 पौधे लगाए थे जिनमें से 20 खराब हो गए, लेकिन बाकी से उन्हें काफी उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं।

# पीएम व सीएम आवास योजना की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निमार्ण कार्यों में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का संतुलन बनाएं रखें।

सीडीओ श्री महाजन कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत बिलों संबंधी प्रकरणों में विद्युत विभाग के अधिकारियों, वैण्डरों एवं पीओ नेडा की अलग से बैठक बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है इसमें अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना में लंबित आवेदनों को समय सीमा के अंदर निस्तारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाएं। बीडीओ ब्लॉक स्तर पर योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। पर्यटन संबंधी अनारंभ कार्यों हेतु आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्रता से आरम्भ किया जाए। गौशालाओं में संरक्षण हेतु आए गौवंश का ईयर



टैगिंग जरूर कराया जाए। श्री महाजन ने कहा कि खराब रैंकिंग वाले विभाग कार्यशैली में सुधार लाएं। कन्या विवाह सहायता योजना में लंबित आवेदनों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रम विभाग की योजनाओं में लंबित अन्य आवेदनों की विस्तृत सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करना शुरू करें। बैठक में डीएफओ शुभम सिंह, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर हादसे में दो घायल

**गंगोह।** दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर से दो घायल हो गए।

बाइपास मार्ग स्थित प्रभा गार्डन के पास दो बाइको की आमने सामने की जोरदार भिड़त में युवक शिवम रजत हुए घायल हो गया। रहागीरो नें घायलों को प्राइवेट अस्पताल मे भेजा गया। बताया गया है की शिवम शोभित यूनिवर्सिटी का छात्र है जबकि रजत मुथूट फाइनेंस का कर्मचारी बताया गया है।इसके अलावा कुतुबखेड़ी निवासी मुकेश सैनी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात वह परिजनों के साथ घर की ऊपरी मंजिल पर सो रहा था। गुरुवार की रात करीब तीन बजे कुछ घर मे आहट सुनाई दी। नीचे मकान देखने पर आठ बोरी सरसों और घर में रखे पांच हजार रुपये गायब थे। किसान ने गांव के ही एक युवक पर उनके घर से चोरी करने का आरोप लगाया है।

# 10 हजार की रिश्वत लेते दरोगा दबोचा

■ फरीदपुर थाने में एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जानलेवा हमले की विवेचना में आरोपियों के नाम निक. ालने के बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते फरीदपुर थाने के दरोगा सुनील कुमार वर्मा को शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सादे कपड़ों में पहुंची टीम को दरोगा ने वर्दी का रौब दिखाने की भी कोशिश की। आरोपी के खिलाफ फरीदपुर थाने में



भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट कराई गई है।

फरीदपुर थाने में डेढ़ साल से तैनात दरोगा सुनील कुमार वर्मा मूल रूप से जिला बिजनौर के थाना शहर के रसीदपुर गढ़ी का निवासी है। काफी समय से उसका परिवार रामपुर के थाना सिविल लाइंस की विष्णु विहार कॉलोनी ज्वाला नगर में रहता है।

फरीदपुर थाने के गांव भगवंतापुर निवासी रेहान अंसारी से उसने जानलेवा हमले के एक मामले की विवेचना में फायदा पहुंचाने और आरोपियों के नाम निकालकर मामले को खत्म करने का वादा किया था। इसके लिए एक लाख रुपये की रिश्वत तय की गई। रेहान ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। शुक्रवार को दरोगा ने रेहान को रुपये लेकर थाने बुलाया था। रेहान की सूचना पर एंटी करप्शन की टीम ने इंस्पेक्टर प्रवीन सान्याल के नेतृत्व में जाल बिछा दिया। दरोगा सुनील कुमार रुपये लेने के लिए रेहान को फरीदपुर थाने में रसोई के सामने पीपल के पेड़ के नीचे ले गया। रेहान ने उसे 10 हजार रुपये दिए, तभी एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने दरोगा को दबोच लिया। दरोगा ने वर्दी का रौब भी दिखाया, लेकिन जब उसे पता लगा कि अब वह फंस चुका है तब उसके होश उड़ गए।

# रात के अंधेरे में हो रहा अवैध खनन

■ तहसील प्रशासन ने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ीं, माफिया मशीन लेकर भागा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है, गुरुवार की रात क्षेत्र के गांव रहमतुल्लापुर के निकट किए जा रहे खनन की सूचना तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को मिली, जिसपर उन्होंने कड़क रुख अपनाते हुए नायब तहस. ीलदार को कार्यवाही के निर्देश दिए।

तहसीलदार के निर्देशों पर नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह पुलिस बल



के साथ स्थल पर जा धमके, पुलिस और नायब तहसीलदार को आता देख खनन माफिया मशीन लेकर भाग गया, लेकिन प्रशासन ने मिट्टी से लदी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को प्रशासन ने मंडी स्थल पर लाकर खड़ा करा दिया। बताया जाता है कि यह खनन माफिया बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे के एक गांव का रहने वाला है।

मालूम हो पिछले दिनों यहां संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम अभिनाश सिंह के सामने विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने पुलिस की मदद से क्षेत्र में किए जा रहे खनन का मुद्दा उठाया था, जिसपर उन्होंने पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि सभी ट्रॉलियों की रिपोर्ट बनाकर खनन विभाग को भेजी जा रही है। दूसरी ओर शुक्रवार को सारे दिन खनन माफिया नेताओं के साथ ही तहसील और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल सकी थी।

# डेढ़ साल के पुत्र और चार माह की पुत्री को छीन विवाहिता को घर से निकाला

■ कप्तान के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज
■ तीन लाख की मांग को लेकर उसे करने लगे प्रताड़ित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे की कुरैश नगर बस्ती के रहने वाले अहमद नूर ने अपनी बेटी इशरत जहां की शादी तीन साल पहले थाना बहेड़ी के बहादुरगंज के रहने वाले मो. आकिल के साथ की थी।

आरोप है कि जब विवाहिता पहली विदाई में अपनी ससुराल गई तो उसे पता चला कि मो. आकिल पहले से ही शादीशुदा है। लेकिन वह सब कुछ सहती रही, और इसी दौरान उसने एक पुत्र जो अब डेढ़ साल का है, जिसका नाम मुराद अली है, और एक पुत्री जिसकी उम्र चार माह है और उसका नाम आयत है को जन्म दिया।

आरोप है कि ससुराल के लोग दहेज में तीन लाख रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे, इतना ही नहीं 26 मार्च की रात करीब 8 बजे विवाहिता को मारपीट कर उसके दोनों बच्चों को छीनकर घर से निकाल दिया गया। अपने छोटे-छोटे बच्चों को पाने के लिए वह थाना बहेड़ी के साथ ही कई जगह मारी-मारी फिर रही है, लेकिन उसे जब कहीं से कोई न्याय नहीं मिला तो उसने कप्तान को शिकायती पत्र देकर ससुरालियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने के साथ दोनों छोटे-छोटे बच्चों को दिलाए जाने की गुहार लगाई, जिस पर पुलिस ने कप्तान के आदेश पर पति मो. आकिल, पहली पत्नी अफसाना, रुखसाना, कामिल, पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## विशाल कंसल बने देवरनिया के उपखंड अधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** विशाल कंसल ने देवर. निया बिजलीघर के उपखंड अधिकारी का पद भर संभाल लिया वह मेरठ से स्थानांतरण होकर देवरनिया आए है। सरल स्वभाव साफ सुथरी छवि, ईमानदार एवं तेजतर्रार उपखंड अधिकारी विशाल कंसल ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर बिजली देना उनकी पहली प्राथमिकता है लेकिन बिजली चोरी करने बालों को बख्शा नहीं जाएगा जल्द ही टीमें गठित करके क्षेत्र में बिजली चौकिंग अभियान चलाया जाएगा बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी बिजली विभाग का सहयोग करने बालों का पूरा मान सम्मान भी किया जाएगा बिजली के बकाया बिल जमा करने पर विशेष जोर दिया जाएगा विशेष अभियान चलाकर एवं जगह जगह शिविर लगाकर बकाया बिल जमा किए जाएंगे बकाया वसूली में समाजसे. वियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

# गंदगी फैलाने वालों पर कसा शिकंजा

■ गंदगी फैलाने वालों को नगर पालिका ने थमाए नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** स्वच्छता को लेकर नगर पालिका परिषद बहेड़ी अब पूरी सख्ती के मूड में है। अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

नगर पालिका के सफाई एवं खाद निरीक्षक अहमद हसन की टीम ने नगर क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर निरीक्षण कर कई स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की। टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने, नालियों में कचरा फेंकने और सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों को मौके पर ही नोटिस थमाए, और चेतावनी दी कि आगे से लापरवाही की तो और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की इस सख्ती




का असर साफ दिखाई दे रहा है। शहर वासियों में सफाई को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। स्वास्थ्य निरीक्षक अहमद हसन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह अभियान आगे भी लगातार चलता रहेगा, और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। नगर पालिका का यह प्रयास न सिर्फ सफाई व्यवस्था को मजबूत कर रहा है, बल्कि लोगों में जिम्मेदारी का भाव भी जगा रहा है।

नगर के सभासद सलीम चंदा, ताहिर पप्पू, मोहम्मद जाकिर, हसन जाफरी, जाकिर रजा, नसीम अहमद ने कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य निरीक्षक अहमद हसन की सक्रियता काबिल-ए-तारीफ है। हम पूरी तरह उनके साथ हैं, और चाहते हैं कि ऐसा ही अभियान आगे भी चलता रहे, ताकि हमारा बहेड़ी स्वच्छ और सुंदर बना रहे।

# किसी का प्लॉट दिखाकर विधवा से छह लाख लेकर युवक हुआ रफू चक्कर

■ दुराचार का आरोप लगाकर दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे के एक युवक ने अलीगढ़ की दूसरे समुदाय की एक विधवा महिला को किसी और का प्लॉट दिखाकर उससे पांच लाख रुपए ऐंठ लिए, और फरार हो गया। जब वह अपने रुपए लेने यहां आई तो उसके साथ युवक ने उसकी मर्जी के खिलाफ दुराचार किया और धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। महिला ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर दी है।

जनपद अलीगढ़ के थाना गांधी पार्क के कर्पूरी नगर की रहने वाली एक दूसरे समुदाय की विधवा महिला की मुलाकात कस्बे के गांधी टोला के रहने वाले एक युवक से हुई, उसने बताया कि वह प्लॉट बेचने का काम करता है। महिला के मुताबिक उसने उसे अलीगढ़ में कई प्लॉट दिखाए थे, जिसके चलते उसने उसका मकान छह लाख रुपये में बिकवा डाला, और फिर धीरे-धीरे सारे रुपए ले लिए, और वहां से अपने घर भाग आया। महिला के मुताबिकध युवक ने अपना मोबाइल भी बन्द कर लिया, एक दिन उससे बात हुई तो उसने कहा था कि नवाबगंज आ जाओ, तुम्हे तुम्हारे रुपए दे दूंगा। विधवा उसके कहने के मुताबिक तीन मई को कस्बे के बाईपास पर उससे मिली, जिसपर युवक महिला को कार में बिठाकर बरेली ले गया, जहां सूनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ दुराचार किया, और मारपीट कर भगा दिया।

आरोप है कि युवक महिला पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा था। महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## एक नजर

### अतिक्रमण हटाने गई टीम दुकानदारों के विरोध पर लौटी बैरंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** रंजिश के चलते सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गई शिकायत पर शुक्रवार को एक बार फिर नगर पालिका की टीम पुलिस बल के साथ बाजार रोड पर अतिक्रमण हटाने जा पहुंची, इस बार फड़ लगाने वालों के विरोध पर टीम को बैरंग लौटना पड़ा। बताया जाता है कि फड़ लगाने वाले दुकानदारों ने खुद ही अपने-अपने फड़ शनिवार तक हटा लेने को लिखकर भी दिया है।

मालूम हो रजिस्ट्री कार्यालय के सामने कुछ लोग सब्जी और फल आदि के फड़ लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, आरोप है कि उनके निकट का ही एक दुकानदार एक रंजिश के चलते शिकायत करता है। दुक. ानदारों का कहना है कि नगर पालिका परिषद को कस्बे के मुख्य रोड, बाईपास और विजौरिया रोड पर फैले अतिक्रमण की ओर ध्यान नहीं जाता है, हर बार उनकी नजर गरीब फल सब्जी फड़ वालों पर ही पढ़ती है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गई इस शिकायत में आदर्श गुप्ता, दीपक, अनमोल आदि ने कुछ अधिवकताओं पर भी इन्हें संरक्षण देने के साथ ही इन दुकानदारों से अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाया था।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गई इस शिकायत पर शुक्रवार को नगर पालि. का परिषद की टीम पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची थी, जिसे आज फिर बैरंग लौटना पड़ा।

### मोबाइल छिनैती के दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** थाना अलीगंज पुलिस ने मोबाइल छीनने की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छिना हुआ मोबाइल, वारदात में प्रयुक्त बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। ग्रामीण खैलम निवासी अरुण कुमार ने 17 जून को थाना अलीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बाइक सवार दो युवक उनका वीवो वाई-300 मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला अज्ञात में दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार देर रात करीब 12:50 बजे अमरौली गांव के मोड़ के पास बने यात्री शेड से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अनिल पुत्र स्व. रमेश कश्यप और जरीफ पुत्र सत्तार, निवासी ग्राम गैनी थाना अलीगंज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से छिना गया मोबाइल वीवो वाई-300, एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (UP25EC3612) बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2)/3(5) व शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 बढ़ा दी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में राजित राम, प्रभारी निरीक्षक, उ.नि. प्रणव श्रोत्रिय, उ.नि. बाबू खाँ, उ.नि. रूप किशोर, कां. प्रशांत कुमार शामिल रहे।

### 16 साल से फरार चल रहा 50 हजार का इनामी बदमाश राजस्थान से गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में साल 2009 में साथियों के साथ डकैती डालने वाले घुमंतु गिरोह के फरार सदस्य व 50 हजार रुपये इनामी बदमाश को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने हरसौली फाटक खेरथल अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र जिला फर्रूखाबाद निवासी सतीश उर्फ मनीष के रूप में हुई है। एसटीएफ टीम ने आरोपी को भोजीपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी पिछले 16 वर्षों से फरार था।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 में आरोपी का पूरा घुमंतु गिरोह बरेली जिले में डेरा डाल कर रह रहा था। गिरोह ने भोजीपुरा क्षेत्र के पॉवर ग्रिड में मिट्टी डालने वाले चार ट्रैक्टर-ट्राली को डकैती डाल लूट ले गए थे। जिसमें से कई आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया गया था। लेकिन, सतीश की गिरफ्तारी के लिए बरेली पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

पुलिस और एसटीएफ की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बीच एसटीएफ टीम को जानकारी हुई कि 16 वर्षों से फरार आरोपी सतीश अपना नाम-पता छिपाकर खेरथल अलवर में रह रहा है। जिसपर टीम ने आरोपी सतीश को हरसौली फाटक खेरथल अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसे भोजीपुरा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसटीएफ की पूछताछ में आरोपी सतीश उर्फ मनीष ने बताया कि वह मूल रुप से बनपोई थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद का रहने वाला है। जो मौजूदा समय में आनन्द नगर वार्ड नम्बर 25 जाट कालोनी खैरथल अलवर राजस्थान में रह रहा था। उसने बताया कि वह घुमंतू जाति से ताल्लुक रखता है। घुमंतू जाति के लोग अलग-अलग शहरों में डेरा डालकर रहते हैं। जो मौका पाते ही लूट डकैती करते हैं। साथ ही बताया कि लूट या डकैती के समय अगर उन्हें किसी से खतरा लगता है तो वह उन्हें मारने में भी एक पल की देरी नहीं करते। आरोपी ने आगे बताया कि 2009 में सभी लोग बरेली में डेरा डाल रह रहे थे। उन दिनो भोजीपुरा क्षेत्र में पावर ग्रिड में मिट्टी डालने का कार्य चल रहा था। इस बीच 10 साथियों के साथ मिलकर चार ट्रैक्टर-ट्राली दोहना पावर ग्रिड के पास से लूट लिए थे। उसके कुछ समय बाद दो ट्रैक्टर-ट्राली ग्राम उदयपुर थाना देवरनियां से लूट लिए थे। घटना के कुछ समय बाद उसके साथी दीपक बहेलिया, अजीत बहेलिया, सुरेश, परसेला, श्याम सिंह और चन्द्रपाल को छह ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी ने बताया कि उसके दो साथी जन्डैल और सुजान मध्य प्रदेश के भिण्ड के रहने वाले थे। जिन्हें मध्य प्रदेश से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जबकि, एक साथी राहुल की मौत हो गई थी। लगातार पुलिस की कार्रवाई देखकर वह डर गया था। उसके बाद उसने परिवार सहित नाम पता बदलकर इधर-उधर रहने लगा। साथ ही 16 वर्ष पूर्व वह अपने परिवार सहित राजस्थान जिला अलवर में जाकर रहने लगा। कुछ समय बाद वहां ऑटो चलाने लगा था। किसी के नाम पूछने पर अपना नाम मनीष बताता था। आरोपी के खिलाफ अगल-अलग जिलों में कुल तीन आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ के एएसपी अब्दुल कादिर ने बताया कि 2009 में डकैती करने में शामिल बदमाश और 50 हजार का इनामी पिछले 16 वर्षों से फरार चल रहा था। एसटीएफ की टीम ने आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को भोजीपुरा पुलिस को सौंप दिया गया है।

# बरेली कॉलेज में आज होगा सामूहिक योग संगम

■ वर्षा होने की स्मार्ट सिटी के अर्बन हाट के हॉल में भी की जाएगी व्यवस्थाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज शनिवार को बरेली कॉलेज, बरेली के प्रांगण में प्रातः 05.00 बजे से सामूहिक योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है, किन्तु वर्षा होने की सम्भावना के दृष्टिगत वैकल्पिक व्यवस्था होने के रूप में स्मार्ट सिटी के अर्बन हाट के हॉल में भी व्यवस्थाएं की गयी हैं।

योग दिवस के आयोजन में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग/प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/नोडल अधिकारी सौरभ बाबू, जनपद के जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे। योग सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 15 से 21 जून, 2025 तक सामूहिक योगाभ्यास, रंगोली, स्लोगन, योगासन, आशुभाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं आदि का भी आयोजन किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आयोजन के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों को जनप्रति. निधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य के उचित बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई, पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में आदे. शित किया गया। इसके साथ मुख्य चिकित्साधिकारी को योग स्थल पर प्राथमिक उपचार दल व एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

# घर बेचकर बेटे को लंदन में पढ़ाया

## बुढ़ापे में अकेला छोड़ा, वृद्धाश्रम में जीवन काट रहे पिता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बुढ़ापे की लाठी बेहद महत्वपूर्ण होती है। इसके छिनने से मनुष्य को गहरा आघात पहुंचता है। इससे भी गहरा आघात तब होता है, जब यह लाठी खुद ही मुंह मोड़ ले। बरेली के राजेंद्रनगर निवासी 75 साल के एक बुजुर्ग बीते दस साल से इस दर्द को सह रहे हैं। उनका बुढ़ापा लाल फाटक स्थित एक वृद्धाश्रम में कट रहा है। इसका कारण कि बेटे को ऑक्सफोर्ड में पढ़ाने के लिए उन्होंने अपनी जीवनभर की कमाई दांव पर लगा दी। घर भी बेच दिया। बेटा एक बार लंदन गया तो फिर पलटकर नहीं देखा। वहीं अपनी दुनिया बसा ली। बूढ़े पिता अब 10 साल से वृद्धाश्रम में बेटे का इंतजार कर रहे हैं।



वृद्धाश्रम में जीवन बिता रहे बुजुर्ग ने बताया कि शुरुआती दौर में वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहे। दिल्ली की एक बड़ी आईटी कंपनी में सेवाएं दीं। कॅरिअर के शिखर पर रहते हुए इकलौते बेटे को भी अच्छी शिक्षा दिलाई। बेटे ने लंदन स्थित आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से मास्टर्स करने की इच्छा जाहिर की तो उन्होंने अपना घर बेच दिया। बेटे ने वहां पढ़ाई पूरी कर नौकरी शुरू कर दी। वहीं शादी भी कर ली। उसके बच्चे भी हैं। शुरुआत में कभी-कभार उसकी फोन कॉल आती रही। अब यह सिलसिला भी बंद हो गया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में पत्नी भी उनका साथ छोड़ गईं। अब वह बिल्कुल अकेले हैं। वृद्धाश्रम की सीढ़ियों पर बैठकर वह बेटे का इंतजार करते हैं। रुंधे गले से बुजुर्ग ने बताया कि अंतिम बार जब बेटे से बात हुई थी तो उसने कहा था कि आप वहां नहीं रह पाएंगे। यह कहकर उनको वृद्धाश्रम भिजवा दिया। उस समय वृद्धाश्रम का नंबर भी ले गया था, लेकिन कभी उसकी कॉल नहीं आई। मन में हमेशा एक टीस रहती है कि कभी कोई तो हालचाल पूछने आ जाए।

### निहारते रहते हैं बेटे की तस्वीर

वृद्धाश्रम के संचालक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि बुजुर्ग दिन-रात बेटे की तस्वीर और पुराने खतों को निहारते रहते हैं। उनकी आंखों में हमेशा बेटे का इंतजार रहता है। वह न तो ज्यादा बात करते हैं, न ही कुछ बताना चाहते हैं। वृद्धाश्रम की चहारदीवारी में ऐसी कई कहानियां मौजूद हैं, जो समाज को यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि आधुनिकता की दौड़ में संवे. दनाएं और रिश्तों की गर्माहट कहीं खो गई है।

# डीएम ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

■ निर्माणाधीन मार्गों को श्रावण मास से पूर्व पूर्ण कराया जाने के दिए गए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लैक स्पॉटस का चिन्हाकन और उनके सुधार से संबंधित कार्य और सभी सड़क अभियांत्रिकी उपायों की भी समीक्षा की गयी।

बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि जिन मार्गों पर निर्माण कार्य चल रहा है, उसे श्रावण मास से पूर्व पूर्ण कराया जाये, जिससे कि श्रद्धालुओं को




समस्याओं का सामना न करना पड़े, तथा जो रोड बनाई जाएं मानको के अनुसार बनाई जाए। बैठक में इमरज. ेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एंबुलेंस सेवाओं को भी दुरुस्त रखने व उसमें जीवन रक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि जो भी स्कूली बसें, स्कूली वाहन चलाये जा रहे हैं उसमें अवश्य देख लें कि उसका फिटनेस सर्टिफिकेट है या नहीं। जिसपर अवगत कराया गया कि स्कूलों में अनुबंधित वाहन, जो बच्चों को लाने ले जाने का कार्य करते हैं। उनकी समय-समय पर जाँच की जाती है, और 35 वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुहर्रम व कावड़ यात्रा में नहीं पढ़ने दी जाएगी नई परम्परा

■ निर्धारित मार्गों से होकर निकालें जुलूस

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर आज शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में ताजिया दार व कांवड़ महंतों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

बैठक में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशनों का पालन कराने को सभी ताजिये दारों को साफ लफ्जों में समझाया कि ताजिए की ऊंचाई अधिकतम 12 फिट होनी चाहिए। साथ ही ताजियों का जुलूस तय रुट व परम्परागत तरीका से ही निकालें। कोई भी नई परम्परा नहीं डालने दी



जाएगी तथा खुरापातियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। खुरापात करने बाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उधर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने उच्चाधिकारियों के आद. ेश का हबाला देते हुए साफ कहा कि कावंड यात्रा को भी तय रुट व परम्परागत तरीका से ही निकाले कोई नई परम्परा किसीभी कीमत में नहीं पढ़ने दी जाएगी।

उन्होंने अपील की कि सभी लोग इन आगामी पर्वो को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर डॉक्टर हाजी आफताब अहमद, वसीम अकरम, त्रिमल सिंह राठौर, प्रवेश देवल, राम औतार मौर्य, जसवंत राठौर, सभासद कमर अली बब्लू, अंकुश गुप्ता व ताजिए दारों सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग ने लगाया नया ट्रान्सफार्मर



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** मोहल्ला शाहगढ़ मोड़ पर विधुत विभाग द्वारा 250 केवीए का नया ट्रान्सफार्मर लगवाया गया। जब जेई रमेश सैनी ने उस ट्रान्सफार्मर से बिजली की सप्लाई शुरू कराई, तो वहां मौजूद शाहगढ़ के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया। इस ट्रान्सफार्मर की पैरवी सभासदों ने की थी, जिसपर अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश, एसडीओ अमित गंगवार और जेई रमेश सैनी ने इसे पास करा दिया। इस मौके पर सभासद वाहिद खां, अशरफ अब्बासी, सलीम चंदा, जाकिर रजा, हसन जाफरी, तशकील मियां, ताहिर पप्पू आदि मौजूद रहे। नए ट्रान्सफार्मर के लगने से मोहल्ले के लोगों को अब बिजली की समस्या से निजात मिल गई है। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उनके लिए बड़ी राहत की बात है।

# बिजली का तार डालने गए ग्रामीण की पिटाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया में खंभे पर तार डालने गए ग्रामीण से कुछ लोगों मारपीट की। आरोप है कि बीच बचाव करने आई ग्रामीण की मां की भी पिटाई कर घायल कर दिया।

ग्राम बंजरिया निवासी नमन कुमार ने बताया कि वह बिजली के खंभे पर तार डालने जा रहे थे तभी रास्ते में खड़े अकरम, असगर, अख्तर पुत्रगण असलम ने लाठी - डंडों से पिटाई कर दी। आरोप है कि बीच बचाव करने आई ग्रामीण की मां को भी उपरोक्त ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# मजदूरी के पैसे को लेकर हुए विवाद में मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** मजदूरी के पैसे को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने गर्भवती महिला समेत दो लोगों की तबल और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को इलाज हेतु सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम आमडंडा गौटिया निवासी अरुण कुमार पुत्र लाल सिंह ने लिखाई गई रिपोर्ट में कहा है कि वह घरों पर पेंट करने का कार्य करके अपने परिवार की जीविका चलाता है। अरुण कुमार ने अपने साथ सचिन कुमार पुत्र राम प्रकाश को मजदूरी पर ले गया था, जिसने दो घंटे काम किया, और उसके पैसे उसे तुरंत दिए गए। हालांकि, सचिन कुमार ने अरुण से पूरे दिन की मजदूरी मांगी, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि सचिन कुमार व उसकी पत्नी मीना देवी अपने हाथों में लाठी-डंडे और तबल लेकर अरुण पर टूट पड़े। ससुर को पिटता देख उसकी गर्भवती बहू शशि देवी उसे बचाने आई, तो उसे भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। अरुण कुमार भी घायल हो गया। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहिए

शाह टाइम्स आपके साथ....

हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9456212547 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# हनुमान जी की मूर्ति का भव्य-दिव्य श्रृंगार, दोपहर में हुआ भंडारा

लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर हनुमान जी की मूर्ति का 15 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर मढ़ई चौक स्थित चाह मीर मोहल्ले में शुक्रवार को कलयुग के साक्षात देवता भगवान श्री राम के अनन्य एवं परमप्रिय भक्त श्री हनुमान जी की मूर्ति का 15वां स्थापना दिवस भक्ति एवं श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित धनीराम मिश्रा ने प्रातः काल 8:00 बजे श्री हनुमान जी का नवीन वस्त्र आभूषणों के साथ भव्य -दिव्य श्रृंगार किया. मोतीचूर के लड्डुओं का भोग लगाया गया।प्रातः 10:00 बजे हवन एवं पूजन प्रारंभ हुआ. यज्ञ के मुख्य यजमान हरिप्रिया ज्वेलर्स के स्वामी कपिल रस्तोगी एवं प्रिया रस्तोगी रहे. यज्ञ के पुरोहित पंडित धनीराम मिश्रा एवं अवधेश आचार्य ने हवन पूजन कराया. हनुमान चालीसा का पाठ कराया तत्पश्चात हनुमान जी की भव्य आरती उतारी गयी. भक्तों ने जय श्री राम,जय हनुमान के गगन भेदी उद्घोषों से वातावरण भक्ति मय कर दिया। दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया. जो देर शाम तक चलता रहा। हरि प्रिया ज्वेलर्स के स्वामी कपिल रस्तोगी ने बताया- श्री राम के परम प्रिय एवं अनन्य भक्त भगवान श्री हनुमान जी की कृपा से मेरी मनोकामना पूर्ण होने पर 20 जून 2011 को भगवान श्री हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर में करवाई गई। मंदिर के पुजारी धनीराम मिश्रा ने कहा- श्री हनुमान जी की कृपा से भक्तों के संकट दूर होते हैं। इस मौके पर उज्जवल रस्तोगी, ध्रुव रस्तोगी, नितिश रस्तोगी, तुषार रस्तोगी, रॉबिन रस्तोगी,कशिश रस्तोगी, राहुल रस्तोगी, हेमंत कश्यप, कन्हैया मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा एवं राजकुमार सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवकों ने निकाली योग जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने चल रहे योग सप्ताह के अंर्तगत एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के लिये जागरूकता रैली निकाली गई रैली कालिज परिसर से शुरू होकर गांव में भृमण कर कालेज में आकर सम्पन्न हुई रैली का उद्देश्य ग्राम वासियों में योग के प्रति जागृति लाना व योग के माध्यम से शरीर को फिट रखना और रोगों से बचने के फायदे बताना था। इस अवसर पर विपुल प्रताप सिंह,अश्वनी शर्मा,यशपाल सिंह उपस्थित रहे। रैली का का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी अनमोल उपाध्याय द्वारा किया गया।


# गोवंश को बचाने के प्रयास में सड़क पार कर रही महिला से टकराया बाइक सवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को बिसौली क्षेत्र के रानेट चौराहे के समीप गोवंश को बचाने के प्रयास में सड़क पार कर रही महिला से टकराया अनियंत्रित बाइक सवार महिला सहित दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल हम आपको बता दें कि बिसौली कस्बा के कुढोली मार्ग निवासी लालाराम पुत्र मोहनलाल बाइक पर सवार होकर अपने पैतृक गांव बेहटा गोसाई से वापस लौट रहे थे। तभी रानेट चौराहे के समीप पहुंचते ही आवारा गोवंश को बचाने के प्रयास में सड़क पार कर रही सुशीला देवी पत्नी राम रईस निवासी ग्राम रानेट को अनियंत्रित बाइक सवार ने अपनी चपेट में ले लिया जिसमें महिला एवं बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे की सूचना पर पहुंचे रानेट चौकी इंचार्ज तिलकराम ने तत्काल प्रभाव से घायलों को एंबुलेंस 108 की मदद से इलाज के लिए बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए बदायूं जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंचे ।

# पुलिस ने बैंक में चलाया चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते शुक्रवार को स्थानीय पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह व कांस्टेबल आकाश चौधरी , मदन लाल को अपने साथ लेकर स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा परिसर में चेकिंग अभियान चलाया । पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह ने इस दौरान बैंक परिसर में खड़ी मोटर साइकिलों के ताले चेक कर मोटर साइकिल चाल. कों को चेताया। और बैंक परिसर के इर्द गिर्द खड़े संदिग्ध लोगों से पूंछ ताँछ की । इस दौरान पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभाष कुमार द्विवेदी , रजनीश कुमार यादव , प्रदीप कुमार सिंह आदि विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे ।

# दिव्यांगता सेवा में उत्कृष्ट कार्यः राज्य स्तरीय पुरस्कार आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला दिव्यांगजन सषक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि 03 दिसम्बर 2025 को ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु कतिपय श्रेणियों के अन्तर्गत ''राज्य स्तरीय पुरस्कार'' के आवेदन-पत्र उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों, संस्थाओं, दिव्यांगजन व कर्मचारियों आदि से विभिन्न अंकित श्रेणियों में सुसंगत साक्ष्यों व अभिलेखों सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी व स्वनियोजित दिव्यागजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणा स्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यागजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक व बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बेलप्रेस के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्याग खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मिलित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन श्रेणियों से सम्बन्धित विवरण एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सषक्तीकरण अधिकारी, कक्ष संख्या-103, विकास भवन, बदायूँ में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध कराये जाने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत जनपद बदायूँ के इच्छुक आवेदनकर्ता अपना आवेदन पत्र समस्त अभिलेखों सहित 31 जुलाई 2025 तक अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# राजस्व कार्यों की प्रगति बढ़ाने के लिए तहसीलदार ने की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को राजस्व कार्यो की प्रगति बढ़ाने के लिए तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों की बैठक ली। उन्होंने समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए और नियमों के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान नायब तहसीलदार सृजन यादव, नायब तहसीलदार गिरजाशंकर यादव, राजस्व निरीक्षक यशपाल सिंह, बलवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, धनपाल सिंह, मुनेश कुमार सिंह, विनोद कुमार शर्मा, अनुज वर्मा, सत्यवीर सिंह, लेखपाल अमित कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, लोकपाल सिंह, श्याम मोहन शर्मा, आदित्य कुमार, सुनील कुमार, मोहित शर्मा , रामौतार यादव, रिंकी बाथम, रिंकी गुप्ता, प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टोल कर्मियों को धमकाने की पुलिस से शिकायत

**छुटमलपुर।** चमारीखेड़ा के सय्यद माजरा टोल प्लाजा पर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं पर टोल कर्मचारियों को धमकाने और टोल संचालन बाधित करने का गंभीर आरोप लगा है। टोल प्रबंधक राजन तिवारी ने थाना फतेहपुर में शिकायत दर्ज कराई कि बीते गुरूवार लगभग 150 कार्यकर्ताओं ने प्लाजा पर हंगामा किया।

शिकायत के अनुसार, संगठन के प्रमुख पदाधिकारी नरेश स्वामी, नदीम अंसारी, भाग सिंह, प्रदीप चौधरी, सचिन चौधरी, पदम सिंह और 130-140 अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने टोल कर्मचारियों को कार्ड और झंडी-पट्टी दिखाकर गाड़ियां छोड़ने का दबाव बनाया। मना करने पर मारपीट की धमकी दी गई और दो घंटे तक टोल संचालन बाधित रहा, जिससे राजस्व को नुकसान हुआ। प्रबंधक ने बताया कि घटना की वीडियो फुटेज उपलब्ध है। तिवारी ने थानाध्यक्ष फतेहपुर से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और कर्मचारी सुरक्षित काम कर सकें। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह घटना भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं द्वारा टोल प्लाजा पर किए गए धरना-प्रदर्शन का हिस्सा थी।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आश्वासन दिया है कि उचित कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इस घटना ने क्षेत्र में टोल संचालन और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी।

# दातागंज में होगा संपूर्ण समाधन दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 21 जून 2025 शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील दातागंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाएःविजय कुमार शुक्ला


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को राजस्व कार्यों की प्रगति बढ़ाने के लिए तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों की बैठक ली। उन्होंने समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सरक. ारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाए। इसमें किसी भी तरह की लाप. रवाही नहीं होना चाहिए और नियमों के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान नायब तहसीलदार सृजन यादव, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, राजस्व निरीक्षक यशपाल सिंह, बलवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, धनपाल सिंह, मुनेश कुमार सिंह, विनोद कुमार शर्मा, अनुज वर्मा, सत्यवीर सिंह, लेखपाल अमित कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, लोकपाल सिंह, श्याम मोहन शर्मा, आदित्य कुमार, सुनील कुमार, मोहित शर्मा , रामौतार यादव, रिंकी बाथम, रिंकी गुप्ता, प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज में योग दिवस का आयोजन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज श्री गांधी सेवा सदन संस्थान पर आज शनिवार प्रातः 6 बजकर 30 मिनट पर शुरू हो रहा है जिसमें स्थानीय योग के मुख्य प्रशिक्षक निखिलेश पाठक योग प्रेमियों को योगाभ्यास के दौरान विभिन्न योगासन के माध्यम से व्यक्ति को लंबी आयु तक स्वस्थ रहने के नुस्खे बताएंगे । यह कार्यक्रम आज शनिवार को प्रातः साढ़े छः बजे से स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर



कालेज प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है । जिसमें स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी सादर आमंत्रित हैं ।यह योग दिवस कार्यक्रम कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक के निर्देशन में प्रधानाचार्य करतार सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है । इस योग दिवस कार्यक्रम में स्थानीय संभ्रांत अनूप पाराशरी , पवन मिश्रा व योग , मयंक पाठक व शिक्षक निखिलेश पाठक की अहम भूमिका रहेगी । इस कार्यक्रम के अवसर पर आसफपुर सहित आस पास इलाके के योग प्रेमी भारी संख्या में योगाभ्यास करेंगे । यह जानकारी कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने दी ।

# कमिश्नर ने कांवड यात्रा के संबंध में किया कछला घाट का निरीक्षण, बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मण्डलायुक्त बरेली मण्डल बरेली सौम्या अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आगामी कांवड़ यात्रा के संदर्भ में कछला घाट का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए। इसके लिए हॉट बाजार पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने घाट के दोनों ओर का निरीक्षण किया साथ ही नाव से भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने घाट के निरीक्षण के दौरान दोनों घाटों पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति का एक हिस्सा है इसमें सभी तैयारियां पूरे मनोयोग से समय से पूर्ण कर ली जाएं। मंडलायुक्त ने कहा कि डीजे की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा उस पर बजने वाले गानों में यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भड़काऊ या भद्दे गाने ना बजे। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, सीसीटीवी व्यवस्था, वॉच टावर व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक निरीक्षक अजय साहनी ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि पूर्व में अनेकों बार कछला घाट का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया है व संबंधित अधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कावड़ यात्रा को संपन्न कराने के निर्देश दिए। सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा में प्रकाश, सफाई आदि विभिन्न व्यवस्थाओं के अतिरिक्त बिजली के ढीले तारों को सही करने के निर्देश दिए गए हैं तथा गोताखोरों की व्यवस्था भी की गई है साथ ही स्वास्थ्य के दृष्टिगत दवा व चिकित्सकों सहित एम्बुलेंस की तैनाती करने के निर्देश भी दिए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# आसफपुर के नए एसडीओ के रूप में सौरभ सैनी ने संभाला कार्यभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार को एक वार्ता में नए एसडीओ सौरभ सैनी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि कार्य क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देना और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य है। विद्युत उपभोक्ताओं को अधिकतम सुविधा प्रदान करना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। श्री सैनी ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि वह बिना किसी हिचक के अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं। उनके पदभार ग्रहण करने पर कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एसडीओ बिसौली अमित कुमार, जेई अभिषेक सिंह रवि, दिलीप सिंह, थानसिंह, नवीन कुमार, मोहसिन, सुरजीत, उमेश आदि उपस्थित रहे।

# फरार चल रहे आरोपी पति को पुलिस ने दबोचा

**चिलकाना।** अब्दुल्लाहपुर अहाडी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के बाद मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस द्वारा मृतका के पति, सास, ससुर एवं जेठानी सहित 4 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त में फरार चल रहे आरोपी पति को आज गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि विगत मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लाहपुर अहाडी निवासी विशाल उर्फ जोनी पुत्र जगपाल सैनी की पत्नी पिंकी उर्फ पन्केश द्वारा फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली गई थी। घटना की सूचना मिलने पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। बुधवार को पुलिस द्वारा मृतका के भाई अरुण कुमार पुत्र सुलेखचन्द निवासी ग्राम बडकला थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर की तहरीर पर मृतका के पति सहित 04 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त में फरार चल रहे मृतका के पति आरोपी विशाल उर्फ जोनी को सुल्तानपुर तिराहे के निकट से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कस्बा इंचार्ज एसआई श्याम सिंह, हैड कांस्टेबल सहदेव व कांस्टेबल जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

# मारपीट के आरोप में दो को बंदी बनाकर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** मामूली कहा. सुनी को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई,देवबंद कोतवाल ने दोनों पक्षों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गांव तल्हेडी बुजुर्ग में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। तत्पश्चात मारपीट का मामला तल्हेडी चौकी पर जा पहुंचा जहां मुर. सलीन पुत्र नसीबू ने चौकी में नामजद तहरीर देते हुए बताया कि मेरा पुत्र तोय्यब नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में जा रहा था इसी बीच गांव के ही नूर पुत्र रियाशा,शाहदीन पुत्र कल्लू ओर मोनू पुत्र रियाशा ने उसे गाली गलौज शुरू कर दी। जिसके बाद मेरे पुत्र तोय्यब ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। मैंने उसे बचाने का प्रयास किया तो उन्होंने मेरे साथ भी मारपीट कर मुझे भी घायल कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बमुश्किल हमे उनके चंगुल से छुड़वाया।

पीड़ित ने दबंग लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।उधर दूसरे पक्ष ने भी तहरीर देकर उचित कार्रवाई के लिए गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को देवबंद कोतवाली में पहुंचा दिया।जहां देवबंद कोतवाल धर्मेन्द्र कुमार ने झगड़े की गहनता से छानबीन की ओर दोनों पक्षों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करते हुए मोनू पुत्र रियाशा ओर मुरसलीन पुत्र नसीबू पर चालानी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धिः बच्चों के लिए तीन दिवसीय योग शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली महिला समृद्धि के द्वारा बच्चों के लिए तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 बच्चों ने प्रतिभाग किया। शुक्रवार को योग शिक्षिका के रूप में अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल व सचिव आंचल वार्ष्णेय द्वारा बच्चों को योग मुद्रा, अनुलोम - विलोम, योग निद्रा एवं ध्यान आदि करवाया गया। ग्रुप की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल ने कहा कि आजकल पढ़ाई लिखाई को लेकर बच्चे भी काफी तनाव महसूस करते हैं। वे कुछ योग करके अपने मन को शांत कर सकते हैं। उन्होंने कहा इससे बच्चों में एकाग्रता भी बढ़ेगी जिससे उनका मन भी पढ़ाई में लगेगा। ग्रुप की सदस्य रूपम गुप्ता और कंचन सक्सैना का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम संगठन महिला पदाधिकारियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी के निर्देशन में चलाया जा रहा ग्राम संगठन के महिला पदाधिकारियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बीते शुक्रवार को देर शाम संपन्न हुआ । जिसमें मुख्य प्रशिक्षक राघवेंद्र सिंह व सहायक महिला प्रशिक्षक हेमलता ने ग्राम संगठन के पदाधिकारियों का अगले पांच वर्ष की कार्य योजना निर्माण के संबंध में विजनिंग प्रशिक्षण



आयोजित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने चर्चा कर अगले पांच वर्ष हेतु ग्राम संगठन व समूह स्तरीय पांच वर्ष की कार्य योजना में समन्वय किए जाने , मुद्दों की पहचान जैसे - स्वास्थ्य , शिक्षा , रोजगार , व्यक्तित्व निर्माण , सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय जैसे - मुद्दों की पहचानकर अपनी योजना में सम्मिलित किया तथा उक्त विषयों पर भविष्य में ग्राम संगठन स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रदान करने का निश्चय किया । कार्यक्रम समापन के अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक राघवेंद्र सिंह व हेमलता ने सभी महिला प्रतिभागियों को सामूहिक रूप से संस्थान परिसर में रस्साकसी का रोचक खेल खिलाया। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी व ब्लॉक समन्वयक प्रबंधक अरुण कुमार ने सभी महिला प्रतिभागियों को एक एक बैग व छायांकन प्रति भेंट कर उन्हें शुभ - कामनाएं दी ।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने गोदाम पर की छापेमारी

# नशीली दवाएं व इंजेक्शन का जखीरा पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने नशीली दवाईयों के शक में गोदाम पर छापा मार बड़ी संख्या में नशे की दवाईयां व इंजेक्शन बरामद किये हैं। जबकि एक्सपायरी डेट की दवाईयां भी बरामद की हैं। इसके अलावा दवाई के अभिलेख भी अधूरे मिले हैं। टीम पकड़े गये युवक को अपने साथ ले गयी है। कार्रवाई से नशीली दवाईयों के तस्कर में हड़कम्प मचा रहा।

सोमवार को केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने हापुड़ जनपद के ब्रजघाट में छापा मार कर नशे की दवाइयां पकड़ी थीं। मौके से अमरोहा जनपद निवासी युवक भी गिरफ्तार किया था। युवक के तार दिल्ली से नशे की दवाई सप्लाई करने वाले गैंग से जुड़े थे। पूछताछ के दौरान उसने अमरोहा में भी नशे की दवाइयां सप्लाई करने की बात कबूल की थी। लिहाजा गुरुवार

**■ ब्रजघाट में पकड़े गए युवक को साथ लेकर पहुंची थी टीम**

रात केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों की टीम युवक को साथ लेकर नगर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बड़ा बाजार में दवाइयों के थोक विक्रेता के गोदाम पर छापा मारा। यह गोदाम शुभम माहेश्वरी का बताया जा रहा है। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने स्थानीय औषधि निरीक्षक या अन्य किसी प्रशास. निक अधिकारी को कोई सूचना नहीं दी थी। केवल सुरक्षा के लिहाज से नगर कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया था। सूत्र बताते हैं कि गोदाम से टीम ने भारी मात्रा में नशे की दवाई व इंजेक्शन बरामद किए हैं। साथ ही एक्सपायरी डेट की दवाइयां भी मिली हैं। देर रात तक टीम गोदाम को खंगालती रही। टीम को अभिलेख भी अधूरे मिले हैं। टीम ने शुभम अग्रवाल को हिरासत में ले लिया था। शुक्रवार को टीम ने हिरासत में लिए युवक को अदालत में पेश किया तथा अपने साथ ले गई है। छापे के दौरान कितनी मात्रा में दवाई या इंजेक्शन बरामद हुए हैं इस बारे में टीम ने कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया था। इस कार्रवाई से नगर के मेडिकल स्टोर संचालकों में खलबली मची रही।

# नल पर लगी मोटर से लगा करंट, महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में पानी चलाने के लिए नल पर लगी मोटर से महिला को करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई, हालांकि परिजन महिला के जीवित होने की आस में उसे सरकारी अस्पताल भी लेकर

**■ थाना क्षेत्र के गांव पखरौला की घटना**

पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। घटना से परि. जनों में चीख पुकार मच गई। थाना क्षेत्र के गांव के पखरौला हाशमपुर में अनवर अली का परिवार रहता



है। शुक्रवार दोपहर एक बजे अनवर अली की पत्नी शमा परवीन घर में लगे नल पर पानी लेने के लिए गई थी। नल पर पानी खींचने के लिए लगी मोटर में अचानक करंट आ गया। करंट की चपेट में आई शमा जमीन पर गिर गई, परिवार के लोग एक वाहन द्वारा शमा को तुरंत गजरौला के सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। बता दें कि रविवार को भी थाना क्षेत्र के गांव शकूराबाद में 08 वर्षीय बालक रियाज आलम पुत्र इश्तयाक को छत पर खेलते समय पास से गुजर रही उच्च शक्ति तार से करंट लग गया था, बुधवार की शाम मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। इस तरह थाना क्षेत्र में एक सप्ताह में करंट से मरने वालों की संख्या दो हो गयी है।

# ट्रक-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

## परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** देर रात बाइक एवं ट्रक की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई।बाइक सवार युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव गुर्जरों वाली चकुनी निवासी हरकेश का 37 वर्षीय बेटा गजराज सिंह बीती देर रात गजरौला से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक संभल मार्ग पर सैदनगली थाना क्षेत्र में काला खेड़ा पुल से थोड़ा आगे पहुंची तो अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे 37 वर्षीय गजराज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं युवक की मौत की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मोर्चरी पहुंच गये। मृतक अपने पीछे तीन बेटे तथा एक बेटी के अलावा पत्नी अंजलि को रोते बिलखते छोड़ गया है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे मैं लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है। परिजनों द्वारा दी गई तहसील के आधार पर आगे कार्यवाही की जायेगी।

# फाल्ट से लगी आग, तीन झुलसे

## तेज धमाके के साथ फटा इन्वर्टर का बैटरा, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिजली के तारों में फाल्ट होने से घर में आग लग गयी। तेज धमाके के साथ इन्वर्टर का बैटरा फट जाने से हड़कम्प मच गया। आग बुझाने के प्रयास में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गये। हजारों रूपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया। मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान मौहल्ले में भी अफरा तफरी मची रही।



कैलसा रोड स्थित मोहल्ला मुरादाबादी गेट में ई-रिक्शा चालक शाहजेब का परिवार है। घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे की है। परिवार के लोग उस वक्त गहरी नींद में सोए हुए थे। उसी दौरान अचानक बिजली के तारों में फाल्ट होने से इन्वर्टर में आग लग गई। जिसने देखते ही देखते आस-पास रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। उसी दौरान इन्वर्टर के पास रखा बैट्रा तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका होने पर परिवार के लोगों की आंख खुल गई लेकिन लपटें जब फ्रिज तक पहुंच चुकी थी। शुरुआत में शाहजेब के अलावा बड़े भाई शहजाद और उनके ससुर मंजूर ने आग बुझाने की काफी कोशिश की लेकिन तभी पर्दे भी लपटों की चपेट में आ गए। आग बुझाने के चक्कर में शहजाद, शाहजेब और मंजूर बुरी तरह झुलस गए। हालात बेकाबू होते देख परिवार की महिलाओं ने शोर मचाते हुए तुरंत बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया। चीख-पुकार मचने पर गली के लोग मौके पर पहुंचे, पानी की बौछार कर बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद लोगों ने झुलसे शहजाद, शाहजेब और मंजूर अहमद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल तीनों का वहीं उपचार चल रहा है। अग्निकांड में हजारों रुपये की कीमत का सामान जलकर राख हो गया। गुरुवार को मोहल्ले का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। बिजली विभाग ने नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर देर रात बिजली आपूर्ति बहाल की थी। बताया जा रहा है कि सुबह में हाई वोल्टेज आने के कारण मोहल्ले के कई घरों में फाल्ट हुए हैं।

## एक नजर

### सांड के हमले में महिला घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में आए दिन सांडों के हमले से दिन पर दिन घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। कई लोगों की तो सांडों के हमले से जान भी जा चुकी है। उसके बावजूद भी प्रशासन इन्हें पकड़ने के लिए तैयार नहीं है।थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी हीना पत्नी जुल्फिकार अली शुक्रवार की सुबह के समय घर का कुड़ा डालने गयी थी। पीछे से आवारा सांड ने जबरदस्त हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी।घायल महिला को परिवार वाले आनंन फानन में निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां घायल महिला को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है। आवारा सांडों को पकड़वाने का मुद्दा हर बार भारतीय किसान यूनियन की हर पंचायत में उठता है इन फिर भी अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे कि क्षेत्र में सांडों के हादसे अधिक हो रहे है।

### ट्रक में घुसी बाइक, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ट्रक में पीछे से बाइक घुसने के कारण बाइक पर बैठे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल 112 डायल पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसामाफी निवासी अमित शर्मा पुत्र नरेशचंद शर्मा सैदनगली नगली थाना क्षेत्र के गांव राजा नांगल निवासी सतीश पुत्र उदल तथा शंकर पुत्र शीलचंद के साथ बाइक पर सवार होकर रहरा की दिशा को जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हसनपुर कोतवाली इलाके में अलीगढ़ मार्ग पर रुस्तमपुर खादर गांव के निकट पहुंची तो अचानक सामने चल रहे ट्रक में पीछे से उनकी बाइक घुस गई। जिसमें बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई। डायल 112 की मदद से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये।

### बंधक बनाकर पीटने में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गाली गलौज करने का विरोध करने पर दबंगों ने किसान को रस्सी से बांधकर पिटाई कर दी। पुलिस ने 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव बागड़पुर निवासी सुरेंद्र पुत्र जिले राम 5 जून को गांव फिरोजपुर से बुरावली को जा रहा था। किसान सुरेंद्र का आरोप है कि वहां कुछ लोग गाली गलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तो दबंगों ने उसे रस्सी से बांधकर गाड़ी में बैठा लिया तथा उसकी लाठी डंडों से जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया था। उसके बाद दबंग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गये थे। पुलिस ने इस मामले में सूबे पुत्र मुने सिंह ग्राम पतेई खादर, अनमोल भाटी पुत्र सुरेंद्र ग्राम खरखोदा नीतू पुत्र नरेश गांव खरखोदा थाना रहरा, रणवीर उर्फ लड्डू पुत्र नरेश ग्राम बिजनौरा थाना सैदनगली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लापरवाही पर सफाई नायकों के क्षेत्र बदले




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए नगर पंचायत प्रशासन सतर्क हो गया है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। ईओ स्वयं तड़के ही सड़कों पर निकलकर सफाई कार्यों की हकीकत परख रहे हैं। ईओ वर्मा ने बताया कि नगर की स्वच्छता प्राथमिकता में है, इसलिए सुबह-सुबह औचक निरीक्षण कर सफाई कार्य का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर लाप. रवाही पाई गई, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित सफाई नायकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसके साथ ही जिन सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी में ढिलाई सामने आई, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। अधिशासी अधिकारी ने साफ कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए रोजाना की मॉनिटरिंग की जा रही है और जरूरत पड़ी तो आगे भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# माहौल खराब करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

## दौलतपुर में पुलिस-पीएसी ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साम्प्रदायिक हिंसा के बाद दौलतपुर गांव में तनावपूर्ण शांति बनी है। जबकि पुलिस ने पीएसी के साथ गांव में फ्लैगमार्च कर लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। अधिकारियों ने चेताया कि जिसने भी अफवायें फैलायें उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

बुधवार को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में बाइक व कार की टक्कर से बाद दो पक्षों में बवाल हो गया था। आरोप है कि बाइक सवार महेंद्र सिंह पक्ष के लोगों ने पीड़ित इब्ने हसन के घर धावा बोल कर मारपीट व तोड़फोड़ के साथ आगजनी भी की थी। इस मामले में इब्ने हसन के बेटे मुस्तकीम की तहरीर पर पुलिस ने महेंद्र सिंह समेत 19 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं गुरुवार को महेंद्र सिंह की पत्नी नन्हीं देवी ने भी इब्ने हसन पक्ष के लोगों पर कार्रवाई कराने के लिए थाने में तहरीर दी थी। साथ ही बजरंग दल के साथ थाना परिसर में धरना दिया था। हालांकि पुलिस ने नन्हीं देवी की तहरीर पर अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। वहीं शुक्रवार को तीसरे दिन भी गांव का माहौल सामान्य रहा तथा सुरक्षा के लिहाज से वहां पुलिस बल तैनात है। शुक्रवार को एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अवधभान सिंह भदौरिया व कई थानों की पुलिस ने पीएसी संग गांव में फ्लैग मार्च निकाला। ग्रामीणों ने शांति बनाए रखने तथा अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि गांव का माहौल खराब किया तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# बच्चों को मर्ज करते समय स्कूलों की दूरी पर दें ध्यान

## डीएम ने ली बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि बच्चों को दूसरे स्कूलों में मर्ज करते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि विद्यालय दूर न हो तथा रास्ते में कोई बड़ा नाला या रेलवे लाइन न हो।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने शिक्षा विभाग से संबंधित बैठक ली। उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों में बच्चों की संख्या 0 से 10 से है उन्हें प्रायोरिटी दी जाये। कम बच्चों के विद्यालयों को इस विद्यालयों में मर्ज की जाये जिनकी दूरी ज्यादा न हो। जबकि रास्ते में कोई बड़ा नाला व रेलवे लाइन भी न पड़े। ग्राम प्रधान, अभिभावकों के साथ बैठक कर विद्यालय में सामने आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाये। प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण समावेशी व आनन्द दायक प्राप्त हो, ऐसी शिक्षा प्रदान की जाये। जहां छात्र छात्राओं का नामांकन कम है वहां भौतिक एवं शैक्षिक संसाधनों को बढ़ाकर शिक्षा ग्रहण करायी जाये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, बीएसए मो. निका, डीपीआरओ पारूल सिसौदिया मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूल के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सरकारी स्कूल के बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोड़ कर हजारों रुपए का माल उड़ा लिया।

नगर में चोरों के हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे हैं। और लगातार वह नगर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।जिससे प्रतीत होता है कि चोरों में कोतवाली पुलिस का बिल्कुल भी डर नहीं है। नगर के मोहल्ला चमन स्थित प्राथमिक विद्यालय शिव मंदिर कोट एवं कन्या कंपोजिट कोट दोनों विद्यालय एक ही भवन में संचालित है। जिसके वसीम अहमद खान इंचार्ज अध्यापक हैं। गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा किसी समय विद्यालय के दो कमरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। शुक्रवार की सुबह लगभग 7:45 बजे इंचार्ज अध्यापक विद्यालय पहुंचे तो ताले टूटे देख उनके होश उड़ गये। चोरी होने की सूचना उनके द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दी गई। उसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल हंड्रेड पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। इंचार्ज अध्यापक वसीम अहमद खान द्वारा बताया गया कि चोरी में लगभग 20000 का सामान गया है। पूर्व में भी इस विद्यालय में चोरी हो चुकी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा बताया गया की चोरी की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया गया है। जल्द घटना का अनावरण किया जायेगा।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक, जेठ-ससुर पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज को लेकर विवाद के चलते बेटी को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पहले पीड़िता का रिश्ता जेठ के साथ तय हुआ था। जेठ ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी। अब उन्हीं वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी पक्ष मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। मामले में मां ने तलाकशुदा बेटी के जेठ और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक कारोबारी ने चार साल पहले अपनी बेटी का रिश्ता मेरठ के मजीद नगर निवासी एक युवक के साथ तय किया था। कारोबारी की बेटी पतली-दुबली थी लिहाजा कुछ दिनों बाद समधी-समाधन ने बड़े के बदले अपने छोटे बेटे से शादी करने की बात कही, जिसे लेकर दोनों परिवारों के बीच आपस में सहमति बन गई। दो साल तक लगे रहे रिश्ते में आखिरकार 19 मार्च 2023 को कारोबारी की बेटी की शादी हो गई। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विवाद के बीच 21 अप्रैल 2025 को तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। मायके लौटने के बाद पीड़िता आरोपी ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज करा दिया। आरोप है कि जेठ अब मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। उसने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना रखा है, जिसे वायरल करने की धमकी देकर पीड़ित पक्ष को मुकदमे में फैसला करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पीड़िता की मां ने इस संबंध में शहर कोतवाली में तहरीर दी थी।प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले ससुर व जेठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# 12 फिट का ताजिया नहीं उठाने दिया, तो करेंगे बहिष्कार

## शिया समुदाय ने प्रशासन को चेताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मोहर्रम से पहले नगर में ताजियों की ऊंचाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिया समुदाय के इमाम केसर अहमद ने सीधे-सीधे ऐलान कर दिया है कि अगर प्रशासन 12 फीट के ताजिये की अनुमति नहीं देता है। तो शिया समुदाय ताजिया जुलूस का बहिष्कार करेगा। इमाम का कहना है कि ताजिये पहले ही 12 फीट के बन चुके हैं। उसको खंडित नहीं किया जा सकता है। लेकिन अब प्रशासन 10 फीट की नई सीमा थोप रहा है। जो उन्हें किसी सूरत में मंजूर नहीं है। इस फैसले से शिया समुदाय में भारी रोष है। प्रशासन के अडियल रुख और समुदाय की चेतावनी के बाद विवाद बढ़ सकता है। शिया इमाम का कहना था कि ताजिए पहले 15 फुट के



निकाले जाते थे। थाने में ही 12 फुट ताजिया निकाले जाने का फैसला हुआ था।इस मुद्दे पर प्रशासन और शिया समुदाय के बीच बातचीत से ही हल निकलने की उम्मीद है। वरना मोहर्रम पर बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। जब इस बारे में उपजिला अधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी से बात की तो उन्होंने बताया की जो भी मोहर्रम में ताजिए निकाले जाएंगे वह सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही निकाले जाएंगे।

### आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मोहर्रम पर्व और श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर और देहात के ताजियेदारों, अलम व मेहंदी जुलूस निकालने वालों के साथ-साथ कांवड़ यात्रा से जुड़े गणमान्य नागरिकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इसका उद्देश्य दोनों बड़े आयोजनों से संबंधित संभावित समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने दोनों पर्वों के दौरान शांति बनाये रखने और आपसी भाईचारा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी ताजियेदार सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ताजियों की लंबाई-चौड़ाई रखें और निर्धारित मार्गों से ही जुलूस निकालें। उन्होंने विशेष रूप से सावन कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार, अंकुर अग्रवाल, सचिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, हाफिज नूर मोहम्मद, नवाब सैफी, चमन अंसारी, मनोज खड़कवंशी धर्मपाल सिंह, लव कुश, अतुल अग्रवाल, ग्राम प्रधान जगत सिंह आदि मौजूद थे।

# शक्तिनगर में एसडीएम ने पुनः कराई नाले की खुदाई





**चन्दौसी।** अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा को इसका दायित्व सौंपा गया है। शक्तिनगर की सड़क जहां दो माह पूर्व अपनी दुर्दशा बयां कर रही थी आज वही सड़क हाईवे के रुप में नजर आ रही है। यहां बताते चलें कि नाला निर्माण के समय नगरपालिका ने राजस्वकर्मियों के साथ उपजिलाधिकारी द्वारा लगाये गये निशानों को मिटा दिया था और नाला निर्माण सीधा न होकर टेढ़ा मेढ़ा कर दिया गया। कुछ माह बाद उपलिजाधिकारी विनय मिश्रा लौटे और नाले की स्थिति देखी तो आपत्ति जताई। लोगों का जैसा जुगाड़ बना उसी के हिसाब से नाला टेढ़ा कर दिया गया। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा, तहस. ीलदार रवि सोनकर, अधिशासी अधिकारी धर्मराज, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार शक्तिनगर पहुंचे जहां लेखपाल दानवीर को मौके पर बुलाकर नाले की दुबारा नपत कराकर खुदाई कराई गई। मौके पर उपजिलाधिकारी ने बुल्डोजर से नाले की खुदाई कराकर नाले को सीधा कराया। हालांकि कचहरी के निकट अभी भी नाले की स्थिति टेढ़ी बनी हुई है। इधर फुब्बारा चौक से रेलवे स्टेशन तक जितने लोगों ने फड़ लगाकर कपड़ा, फल एवं अन्य दुकानें लगा रखी थीं, उन्हें हटाया गया। नगरपालिका ने बुल्डोजर से बांस बल्लियां सहित अवैध अतिक्रमण हटाया गया परंतु लोगों ने बाद में दुकानें लगा ली। हालांकि नगरपालिका द्वारा उक्त दुकानों के लिए कोतवाली के पीछे वेंडिंग जोन बनाया हुआ है परंतु कोई रेहड़ी तथा फड़ लगाने वाला वहां दुकान लगाने को तैयार नहीं है।

# श्रीनारायण सेवा समिति ने की विचार गोष्ठी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्री नारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वावधान में योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को 'योग: विचार गोष्ठी' का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने योग के संबंध में अपने-अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि योग विश्व को भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है क्योंकि योग का अर्थ है जोड़ और भारतीय परंपरा में जोड़ने की प्रक्रिया को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। के. जी. मंगलम् ने कहा कि पीएम मोदी की संस्तुति पर संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को आधिकारिक तौर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। विपिन गुप्ता ने कहा कि 21 जून एक सार्वभौमिक व प्रतीकात्मक महत्व का दिन है यह एक ग्रीष्म संक्रांति है। के.जी. गुप्ता ने कहा कि योग एक प्राचीन प्रथा है जिसे अब बेहतर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए दुनिया भर में अपनाया जाता है, यह शरीर और मन दोनों को लाभ पहुंचाता है। हरीश कठेरिया एड. ने कहा कि इस बार योग की 11वीं वर्षगांठ की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' या 'योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' का आयोजन समग्र कल्याण व पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा है। मुकुंद अग्रवाल व नितेश उपाध्याय ने कहा कि 2014 से गत एक दशक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक विश्व व्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है।

मुख्य वक्ता डॉ. टी. एस. पाल ने कहा कि इस बार 01 लाख स्थान पर योग प्रदर्शन में योगदान के अलावा योग बंधन, योग पार्क, योग समावेश, योग प्रभाव, योग कनेक्ट, हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुंभ, समय योग सम्मिलित हैं।

## महिला को मिली रहीं धमकियां

**चन्दौसी।** महिला अपनी सास का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए पिछले एक वर्ष से चक्कर लगा रही है पर परिवार के लोग जमीन हड़पना चाहते हैं। महिला की सास की मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। कमलेश शर्मा पत्नी राजेन्द्र शर्मा नि0 गुमथल के अनुसार दबंग परिजनों ने गुमथल गांव को छोड़ने पर विवश कर दिया जिससे वह बिसौली गांव में रिश्तेदार के यहां रह रही है। अपने अधिवक्ता के साथ तहसील समाधान दिवस में मृत्यु प्रमाणपत्र बनने के लिए प्रार्थनापत्र दिया जिस पर वीडीओ ब्लाक बनियाखेड़ा ने संज्ञान लेते हुए सचिव सोमवीर सिंह को ग्राम सचिवालय में खुली बैठक करने के निर्देश दिये। सचिव द्वारा 27 जून 2025 को खुली बैठक के लिये तिथि निर्धारित की गई है। महिला का कहन है कि परिवार के लोग उसे धमकी दे रहे हैं। महिला ने पुलिस बल की मौजूदगी एवं वीडियोग्राफी करने की मांग की है।

# कृष्ण बाल विद्या मंदिर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद मेरठ क्षेत्र का परिषद शिक्षा वर्ग इसमें (मेरठ प्रांत, ब्रिज प्रांत और उत्तराखंड प्रांत) का 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 10 जून से 20 जून तक मंगूपुरा स्थित कृष्ण बाल विद्या मंदिर में समापन हुआ। इसमें तीनों प्रांत के 19 विभाग के शिक्षार्थियों ने सहभाग किया जिसमें मेरठ प्रांत के - 81 ब्रिज प्रांत के - 31 उत्तराखंड प्रांत के - 20 इनमें पुरुष शिक्षार्थी - 126 तथा महिला शिक्षार्थी- 6 कुल मिलाकर 132 शिक्षार्थियों ने सहभाग किया। इसमें 35 शिक्षक जो बौद्धिक और शारीरिक में लगे तथा 33 बंधु जो व्यवस्था की दृष्टि से लग रहे । इस प्रशिक्षण वर्ष में छात्र शिक्षक व्यापारी शिक्षक और दो पूज्य संत भी रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता (केंद्रीय संयुक्त महामंत्री विश्व हिंदू परिषद स्वामी विज्ञानानन्द जी महाराज) इन्होंने आईआईटी खड़गपुर, संस्कृत से ाीक, संस्कृत से व्याकरण आचार्य, दर्शन में विद्या वरिद्धि वाचस पद्धति किया। इसमें इन्होंने कहा इस 10 दिन की तपस्या से पक कर के पाके कार्यकर्ताओं का जो निर्माण हुआ है इसमें योगदान हमारे उन पूर्वजों का भी है जिनके हम वंशज है जिन्होंने 2300 वर्ष तक आक्रमणकारियों से लड़ाई लड़ी इसके बाद सन 1947 में हम कट छठ के स्वतंत्रता को प्राप्त हुए लगभग 20 वर्ष में एक जेनरेशन बदल जाती है इस हिसाब से हमारे पूर्वज 115 जेन. रेशन लड़े जो समाज सुख सुविधा का भोगी हो जाता है वह जल्दी ही नष्ट हो जाता है लेकिन हमारे कार्यकर्ता इतनी गर्मी में 10 दिन का प्रशिक्षण वर्ग ठीक उसी प्रकार कर रहे हैं जैसे तपती गर्मी में फल और अनाज पकता है ठीक इसी प्रकार इस तपती गर्मी में कार्यकर्ता अपने देश के समर्पण के लिए तैयार है। जो देश शिक्षा टेक्नोलॉजी और मिलिट्री में जितना सक्षम होगा वह देश उतना उत्तम और विकसित देश होता चला जाएगा। सन 1975 के पश्चात से हिंदू की जनसंख्या में धीरे-धीरे कमी आती जा रही है जो एक चिंता का विषय है इसलिए हिंदुओं को भी अपनी जनसंख्या पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष अल्पना गुप्ता ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में इन तीन प्रांत के बंधुओ ने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसकी हम सराहना करते हैं तथा व्हिप की मजबूती के लिए हम हमेशा प्रत्यनशील रहेंगे। इसमें मुख्य अतिथि डॉ मंजेश राठी जी रहे। इस अवसर पर क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सोलंकी, यशपाल सिंह , बृजेश कुमार , डॉ राजकमल गुप्ता, भवनीश सेंगर, अविनाश गुप्ता, ललित जोशी, अंजली गुप्ता, नीता सैनी, विजय सिंह, गौरव कश्यप,किशन पाल,अमृत गौड़, विशाल द्रविड़, अमित गुप्ता, निखिल सक्सेना, देवेश राणा, योगेश त्यागी, रिंकल छाबड़ा,अश्विनी ,शुभम, मीनाक्षी कश्यप जयदेव यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### योग से कर सकते हैं स्वास्थ्यमय जीवन



**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में योग सप्ताह के अंतर्गत 17 जून से 21 जून तक योग शिविर का आयोजन मयूर विहार स्थित ग्रुप सचिव अभिलाषा प्रजापति के निवास पर किया गया। शिविर में प्रथम दिवस पर थायराइड, सर्वाइकल और मोटापा कम करने, फेस योगा और कई प्रकार के प्राणायाम सिखाए गए। द्वितीय दिवस में थायराइड, लिवर और आंत को स्वस्थ रखने के लिए एक्यूप्रेशर पॉइंट्स बताए गए। तृतीय दिवस में सूर्य नमस्कार, कमर दर्द से आराम के लिए मर्कटासन, त्राटक आसन और प्राणायाम के विषय में जानकारी दी गई। शिविर के चतुर्थ दिवस में ताड़ासन, जुंबा, भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन तथा फेस योगा आदि का अभ्यास करवाया गया। योगाचार्य काजल अरोड़ा ने बताया कि योग तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, जागरूकता, स्वस्थ आहार, वजन घटाने और अच्छी नींद में सहायक है। यदि हम स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं तो हमें योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा।

### 25 दिवसीय कथक कार्यशाला का हुआ समापन



**चन्दौसी।** नगर के गौशाला रोड पर 20 मई से कथक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन किया गया है। कार्यशाला में प्रसिद्ध कथक गुरु पं. आराध्य द्वारा कथक सिखाया गया। समापन के दौरान बच्चों द्वारा 25 दिवसों में सीखी गई कला का प्रदर्शन किया। सभी ने बच्चों की नृत्य साधना को देखकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपा. लिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय व समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी द्वारा बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। बता दें कि चन्दौसी से मुंबई पहुंचकर पं. आराध्य ने कथक नृत्य सीखा और अनेक टीवी सीरियल में कार्य किया। आराध्य कथक नर्तक के अलावा एक अच्छे अभिनेता भी हैं और चन्दौसी का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में डा. वीरेश कुमार (पार्थ हॉस्पिटल), डॉ दुर्गा टंडन, दिव्यांनी सिंह, अभिषेक गुप्ता, डॉ मोनिका, डीआर जे.एस. चौहान, पुनीत कुमार, अशोक अग्रवाल, बच्चू चाचा, डॉ राजेंद्र गुप्ता, डॉ मनीष गुप्ता, अंजली सिंह दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## समर कैंप के छठे दिन ताइक्वांडो के महत्व पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कांठ बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे आकाश तायकामांडो समर कैंप के छठे दिन प्रशिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को तायकमांडो के महत्व पर मौखिक एवं प्रैक्टिकल में बताया कहा कि ताइक्वांडो प्रशिक्षण शरीर को वलिष्ठ बनाने के साथ आत्मरक्षा एवं गुंडा तत्वों के कहर से बचने का मुख्य साधन है।

तहसील क्षेत्र का यह प्रथम ताय्कमांडो प्रशिक्षण है। प्रशिक्षक के रूप में ताय्कमांडो कोच रितिका शर्मा ने बताया कि छात्राओं के साथ आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा तानाकशी की जाती है। छात्राएं अपने मान सम्मान को बचाने के लिए मौन साध लेती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देनी चाहिए, अथवा अपने आप में इतना सक्षम होना चाहिए कि यह सामाजिक तत्वों के हमले को नाकाम कर आत्मरक्षा कर सके। सरकार ने भी ताइक्वांडो के महत्व को समझते हुए इसे ओलंपिक गेम में शामिल कर लिया है, और सरकार ब्लैक बेल्ट करने पर सरकारी कॉलेजो में नौकरियां भी दे रही है। बताया कि आगामी रविवार को ताय्कमांडो के समर कैंप के समापन पर एसडीएम संत दास पवार, सीओ गौरव त्रिपाठी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि महिला उपनिरीक्षक ज्योति चौधरी एवं बिजनौर के मुख्य कोच अंकुर चौधरी रहेंगे। अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# टीएमयू लाइब्रेरी में योग की किताबों की विशेष प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के केंद्रीय पुस्तकालय एवम् नॉलेज रिसोर्स सेंटर की ओर से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग की पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई।

डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने बतौर मुख्य अतिथि इस प्रदर्शनी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद, डॉ. जैनुल की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में अंग्रेजी और हिंदी की करीब 350 योग की पुस्तकों का डेंटल कॉलेज समेत दीगर कॉलेजेज के स्टुडेंट्स ने अवलोकन किया। यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन ने फादर ऑफ लाइब्रेरी साइंस डॉ. एसआर रंगनाथन के तृतीय पुस्तकालय सिद्धांत ख्र प्रत्येक पुस्तक को उसका पाठक मिले को कोट करते कहा, योग एवम् पुस्तकालय दोनों ही मानव जीवन के दो महत्वपूर्ण आयाम हैं। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने डेंटल के स्टुडेंट्स के संग प्रदर्शनी और लाइब्रेरी का भ्रमण किया। प्रदर्शनी में योग पुस्तकें - पतञ्जलयोगप्रदीप,योग में मसाज, एक्युप्रेशर एवं सूर्य चिकित्सा,योग करने के तरीके, मेडीटेटिव योगा, हठयोग फॉर ह्यूमन हेल्थ,योगा: वे ऑफ हेल्थ आदि आकर्षण का केंद्र रहीं।अंत में डॉ. नेहा आनंद ने उपस्थित विद्यार्थियों और लाइब्रेरी स्टाफ को नियमित रूप से योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल गंभीर रोगों से मुक्ति प्रदान करता है, बल्कि शरीर को सुदृढ़, सक्रिय और संतुलित बनाता है।प्रदर्शनी में लाइब्रेरी की ओर से डॉ. संजीव सिंह, डॉ. आलोक गुप्ता, श्री हर्षित सिंह, श्री राहुल कोहली आदि भी मौजूद रहे।

# आजीविका मिशन से महिलाओं को बना रहे आत्मनिर्भर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ब्लॉक परिसर मुंडापांडे में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर विधायक कुंदरकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को सक्रिय रूप से संचालित कर रही है, जो केंद्र सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना का हिस्सा है। इस पहल के तहत महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाकर छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू करती हैं उन्हें प्रशिक्षण, बिना गारंटी ऋण और बाजार से जुड़ाव जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मजबूती से आगे बढ़ा रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके समूहों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे नवदीप यादव एवं संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर निकाली जन जागरण यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए एक दिन पूर्व योग जन जागरण यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी तादाद में योग साधन्क मौजूद रहे। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी और नगर पालिका प्रांगण में जाकर समाप्त हुई। इस बीच लोगों को योग करने का संदेश भी दिया गया।

पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में यात्रा निकाली गई जो बिलारी के बस स्टैंड पर पहुंची। यहां से राष्ट्रीय राजमार्ग पर होते हुए महाराणा प्रताप चौक नगर पालिका प्रांगण में जाकर समाप्त हुई। योग शिक्षक निहाल सिंह ने बताया की यात्रा का उद्देश्य लोगों को 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक तादाद में पहुंचकर शामिल करना था ताकि लोग जागरुक हो और अधिक से अधिक योग करके अपने शरीर को निरोग बनाएं।

इस मौके पर नगर क्षेत्र के भारी तादाद में लोग भी मौजूद रहे। योग शिक्षक निहाल सिंह के साथ धर्मेंद्र गांधी, मनोज ठाकुर, सुधीर गुप्ता, मनोज प्रजापति, मेघपाल सिंह, गिरीश चंद्र, राकेश चंद्रवंशी, वृत पाल सिंह, संजय सक्सेना, विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी आदि सहित भारी तादाद में लोग शामिल रहे।

### उपनिबंधक कार्यालय के बाहर महिला छोटी बच्ची से करा रही भिक्षावृत्ति



**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के आद. ेश की अवहेलना की जा रही है। जिलाधिकारी का स्पष्ट आदेश है कि संभल जनपद में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भिक्षावृत्ति नहीं करायी जायेगी। छोटे-छोटे बच्चों से भिक्षावृत्ति कराकर उनके जीवन व भविष्ट को नष्ट किया जा रहा है जबकि बच्चे स्कूल जाकर मुख्य धारा में जुड़ सकते हैं। कुछ लोग बच्चों से जबरन भिक्षावृत्ति कराते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया द्वारा जनपद में भिक्षावृत्ति करने वालों को चिन्हित कराया गया। जिलाधिकारी के आदेश बावजूद उपनिबंधक कार्यालय चन्दौसी के गेट पर 07 वर्षीय बच्ची से भिक्षावृत्ति कराते देखी गयी, जब महिला से बातचीत की गयी तो बताया कि बच्ची स्कूल भी जाती है परंतु छुट्टियां चल रही हैं तो अपने साथ ले आती है। हालांकि देखने में महिला हष्ट पुष्ट लग रही थी। फिलहाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिये सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए जिससे नौनिहालों के जीवन को सुधारा जा सके।

# विधायक ने निर्माणाधीन स्टेडियम का किया निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शुक्रवार को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने रतनपुर कलां में निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण संबंधित अधिकारियों के साथ किया।निर्माण कार्य में मजदूरों की संख्या बहुत कम थी। विधायक ने कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित करने हेतु जिला युवा कल्याण अधिकारी को नियमित निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। गौरतलब है कि रतनपुर कला गांव में 7.72 करोड़ से ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। स्टेडियम बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी खेलों में अपना परचम लहरा सकेंगे और क्षेत्र का मान बढ़ा सकेंगे। कुंद. रकी विधानसभा के गांवों के साथ साथ अमरोहा जनपद की सीमा में सटे गांवों के खिलाड़ियों को भी लाभ होगा। स्टेडियम में बाउंड्री और दर्शक दीर्घा के अलावा कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें बैडमिंटन, टेनिस, कबड्डी, वॉलीबाल आदि खेल की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। स्टेडियम का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# पुलिस व दबंग कर रहे उत्पीड़न

## पीडित परिवार ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** मोटा महादेव के पास रहने वाले हर वर्ष शिव भक्तों की सेवा करने वाले परिवार का थाना मंडावली पुलिस एवं गांव के दबंग उत्पीड़न कर रहे हैं। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के स्टे की भी मंडावली पुलिस धज्जियां उड़ा रही है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

अंजू पत्नी कन्हैया निवासी ग्राम विजयपुर थाना मंडावली जिला बिजनौर ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को पोर्टल पर दर्ज करा कर अपने पति को 20 घंटे अवैध हिरासत में रखकर अमानवीय यातनाएं देकर शांति भंग में चालान करने वाली थाना मंडावली पुलिस के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई करने की मांग की।

हाईकोर्ट इलाहाबाद के स्टे के बावजूद गांव के दबंग अजीत, यशवीर, हेमेंद्र ने पीड़ित परिवारों के मकान शौचालय आदि मंडावली पुलिस से हमसाज होकर तुड़वा दिए थे, लैट्रिन को तोड़ दिया था, जिससे वहां पर एक गड्ढा बन गया। पीड़िता का कहना है कि 18 जून 2025 को दोपहर 12:00 बजे उनकी गर्भवती भैंस चरती उस गड्ढे में गिर गई, उस समय कोई पुरुष घर पर नहीं था। पीड़िता अंजू, सविता, कृष्णा ने कुछ लोगों के सहयोग से भैंस को निकालने का प्रयास किया तभी अजीत, हेमेंद्र वहां पर पुलिस कर्मी राहुल को लेकर आ गए। महिलाओं के साथ गाली गलौज की। बदतमीजी करते हुए कहा कि इस भैंस को यही दबा दो और हमारी जमीन पर कब्जा मत करो। पीड़ित महिला मोटा महादेव पुलिस चौकी पर शिकायत करने गई जहां उसकी बात नहीं सुनी गई। अंजू का आरोप है इसी रात्रि 9:00 बजे थाना प्रभारी मंडावली राम प्रताप सिंह पुलिस जीप लेकर उसके घर पर आए, उनके साथ चार पुलिस वाले थे। घर में घुस कर गंदी-गंदी मां बहन की गालियां देते हुए लात घुसों उसके पति कन्हैया को बुरी तरह मारा पीटा और उठाकर थाने ले गए। पीड़िता जब थाने पहुंची तो उसके पति के साथ पुलिसकर्मी मारपीट कर रहे थे। जब उसने पति को छोड़ने के लिए कहा तो पुलिस वालों ने कहा कि जमीन पर फैसला कर लो जो हाईकोर्ट में मुकदमा है, उसे वापस ले लो तभी कन्हैया को छोड़ेंगे।

पुलिस अधिकारियों को शिकायत करने पर 20 घंटे अवैध हिरासत में रखने के बाद थाना मंडावली पुलिस ने पीड़िता के पति का शांति भंग में एक पक्षीय चालान कर दिया।

मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार ने अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए दबंगों और मंडावली पुलिस के उत्पीड़न से बचाने की गुहार लगाई।

## गुलदार ने गोवंश को बनाया शिकार

**हल्दौर।** गांव लाड़नपुर के निकट आबादी क्षेत्र के समीप स्थित जंगल में एक गुलदार ने बेसहारा गोवंश पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है।

गांव लाड़नपुर में आबादी क्षेत्र के समीप एक किसान का चक स्थित है। शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे गांव का ही किसान टीकम सिंह पशुओं के लिए चारा लेने जाते हुए गुलदार द्वारा खेत में एक बेसहारा गोवंश मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पाकर टीकम सिंह, ओंकार सिंह, धर्मपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, मोनू सिंह, सोरन सिंह आदि ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों का आरोप है कि विकास खंड अधिकारी विक्रम सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने कई बार बेसहारा गोवंशों को पकड़वा कर गौशाला भिजवाने की मांग की। लेकिन अधिकारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गुलदार की सक्रियता से बच्चों और किसानों की सुरक्षा को लेकर गहरा खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार पकड़वाने की मांग की है।

# स्योहारा में टैक्स वृद्धि के खिलाफ इमरान अख्तर ने खोला मोर्चा

## चेयरमैन के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चेयरमैन फैसल वारसी द्वारा हाल ही में हाउस टैक्स, जलकर टैक्स में की गई भारी बढ़ोत्तरी को लेकर नगरवासियों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। इस मुद्दे पर अब नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील के पुत्र और समाजसेवी इमरान अख्तर उर्फ सनी ने खुलकर आवाज बुलंद की है। उन्होंने नगर की जनता की ओर से इस टैक्स वृद्धि को अन्यायपूर्ण, एकतरफा और जनविरोधी करार देते हुए इसे पूरी तरह से वापस लेने की मांग की है।

इमरान अख्तर का कहना है कि नगर पालिका चेयरमैन ने बिना जनसुनवाई के और पारदर्शिता के बगैर अचानक से हाउस टैक्स और जल कर टैक्स में जबरदस्त वृद्धि कर दी है, जिससे आम जनता खासकर मध्यम वर्ग और गरीब तबका आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे में टैक्स में वृद्धि करना पूरी तरह अमानवीय और प्रशासनिक तानाशाही जैसा है। इमरान अख्तर ने साफ तौर पर कहा कि यदि नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी इस जनविरोधी निर्णय को वापस नहीं लेते तो वे नगर के नागरिकों के साथ उच्च अधिकारियों से मिलेंगे और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे। उन्होंने कहा हम स्योहारा की जनता की आवाज को दबने नहीं देंगे। यह लड़ाई स्योहारा के हर नागरिक की है। नगर पालिका टैक्स सुधार के नाम पर शोषण नहीं कर सकती। इमरान अख्तर ने यह भी सवाल उठाया है कि चेयरमैन ने किस आधार पर टैक्स में वृद्धि की है। उन्होंने पारदर्शी तरीके से मूल्यांकन रिपोर्ट और बैठक की कार्यवाही को सार्वजनिक करने की मांग की है। इमरान अख्तर ने स्योहारा नगर की समस्त जनता से अपील की है कि वे इस लड़ाई में एकजुट होकर चेयरमैन पर अपने हक के लिए दबाव बनाएं ताकि टैक्स वृद्धि को वापस लिया जा सके और आम आदमी को राहत मिल सके। इस मामले को लेकर आने वाले दिनों में नगर में विरोध प्रदर्शन व जन हस्ताक्षर अभियान की संभावना भी जताई जा रही है। इमरान अख्तर की इस मुहिम को अब विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापारियों का भी समर्थन मिल सकता है। वहीं सूत्रों के अनुसार नगर के कई वार्डों में लोग पहले ही इस वृद्धि के खिलाफ लामबंद हो चुके हैं। लोगों ने सभासदों से भी इस पर कड़ा रुख अपनाने की अपील की है। वहीं कई स्थानीय नागरिकों ने कहा है कि बिना किसी पूर्व सूचना और सार्वजनिक विमर्श के इस प्रकार की टैक्स वृद्धि करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

# गंदे पानी से फसलों के बचाव की मांग उठाई, ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम सरकथल सानी के ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से उनकी फसलों को गंदे पानी से बचाएं जाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन सौंप कर शीघ्र से शीघ्र उनके खेतों में घुस रहे गंदे पानी की रोकथाम को कार्रवाई के जाने की मांग उठाई।

ग्रामीण सौरभ कुमार, वीर सिंह, मदनपाल सिंह, महेंद्र सिंह आदि के नेतृत्व में ग्राम वासियों ने सिंचाई खंड पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांव में शहर का गंदा पानी उनके खेतों में प्रवेश कर रहा है, जिससे उनके खेतों में खड़ी फासले नष्ट हो गई हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उनके खेतों में घुस रहे उक्त गंदे पानी की रोकथाम को प्रभावी कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन के साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर करण पाल सिंह, देवेंद्र सिंह, कोमल सिंह, विजेंद्र, पुष्पेंद्र, सौरभ कुमार, ओमवीर सिंह, परम सिंह, मदनपाल सिंह, परम सिंह, चारण सिंह, लोकेंद्र सिंह, गंगाराम, भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# धामपुर नगर पालिका में विदाई समारोह

## जेई नेपाल सिंह व हेमंत कुमार को दी भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद धामपुर की ओर से मंगलवार को शिवाजी पार्क स्थित सम्पादकाचार्य पंडित रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पालिका के दो समर्पित अधिकारियों, जेई नेपाल सिंह एवं हेमंत कुमार के सम्मान में आयोजित किया गया, जिनका कार्यकाल नगर विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान से भरा रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद धामपुर के चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने निभाई। इस अवसर पर पालिका के सभासदों और कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों को फूल-मालाओं से सम्मानित कर, प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। जय नेपाल सिंह का मुजफ्फरनगर तथा हेमंत कुमार का अमरोहा जनपद में स्थानांतरण हुआ है।

कार्यक्रम में शेरकोट नगर पालि. का के अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त धामपुर पालिका के सभासदों में पुरुषोत्तम अग्रवाल, संतोष राजपूत, मुकेश रावत, हिमांशु सैनी, मुकुल सैनी, मुंशी नसीम अहमद अंसारी, महताब अहमद, मुकुल सैनी, प्रभात गुप्ता, सुमित महेश्वरी, और मनोज अग्रवाल 'पप्पी' ने भी सहभागिता निभाई। समारोह में नगर पालिका के समर्पित कर्मचारी पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता, सुनील जोशी, नितिन अग्रवाल, विशाखा रानी, विकास गुप्ता, राज. कुमार शर्मा, ओमजीत सिंह, शिवम गोस्वामी और तपिश शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर वक्ताओं ने नेपाल सिंह एवं हेमंत कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों ने न केवल अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन किया, बल्कि नगर के विकास में सक्रिय योगदान देकर मिसाल कायम की। विदाई समारोह में भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां कई कर्मचारियों की आंखें नम थीं और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने निष्ठा गुप्ता को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर का एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम शादीपुर पहुंचा। जहां उन्होंने निष्ठा गुप्ता को तीरंदाजी के क्षेत्र में राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर कई पदक जीतने पर अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बताते चले की इससे पूर्व निष्ठा गुप्ता को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। वह आंध्र प्रदेश के गुंटूर में हुई अंडर 15 की राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की नेशनल चैंपियन है। इस मान सम्मान के लिए निष्ठा गुप्ता ने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, प्रधान जिला महामंत्री, तुषार अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल आदि रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के रस में डूबे श्रद्धालु

## बसेड़ा कुंवर में भाव विभोर हुआ माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम बसेड़ा कुंवर में बीते दिनों एक दिव्य और भावमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसने क्षेत्र के श्रद्धालुओं को भक्ति और अध्यात्म के सागर में डुबकी लगाने का अवसर प्रदान किया।

13 जून से प्रारंभ हुई इस सात दिवसीय भागवत कथा का भव्य समापन प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन लोकतंत्र रक्षा सेनानी बुध सिंह, संजीव कुमार, राजीव कुमार तथा राहुल कुमार समेत कई श्रद्धालु आयोजकों के प्रयासों से सम्पन्न हुआ। कथा वाचन का शुभ कार्य श्री नरेन्द्रानंद सरस्वती महाराज जी द्वारा किया गया, जिनके भावपूर्ण और सारगर्भित प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को मोहपाश से मुक्त कर भक्ति की गहराइयों में ले जाया। विदुर-मैत्रेय संवाद, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को जब महाराज जी ने प्रस्तुत किया, तो सभा में सन्नाटा छा गया और सभी भावविभोर होकर भगवान के दिव्य लीलाओं में खो गए।

सती चरित्र में भगवान शिव की पत्नी सती के त्याग और उनके परम भक्ति भाव को श्रद्धापूर्वक प्रस्तुत किया गया, वहीं ध्रुव चरित्र में बालक ध्रुव की अटल आस्था और कठोर तपस्या की प्रेरणादायक कथा ने श्रोताओं के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। माना जाता है कि भागवत कथा का श्रवण मात्र से ही मनुष्य के जीवन का कल्याण संभव है, और यही भावना इस कथा में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। दूर-दूर से भारी संख्या में श्रद्धालु इस धर्मिक आयोजन में भाग लेने पहुंचे और कथा के हर एक प्रसंग का रसपान किया।

कथा स्थल पर राधाकृष्ण भगवान के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते नजर आए। आयोजक मंडली के सदस्य राजीव वत्स तो कथा के दौरान नृत्य करते नहीं थक रहे थे, जिससे माहौल और भी उल्लासपूर्ण बन गया। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सदाचार, भक्ति, प्रेम और समर्पण की भावना को जाग्रत करने वाला एक आध्यात्मिक उत्सव बनकर उभरा। ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मोनू पाल गिरफ्तार



**चांदपुर।** ग्राम धूंधली तबीबपुर थाना चांदपुर निवासी डिम्पल पुत्र स्व. अभय सिंह ने 14 दिसम्बर 2024 को एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें उसने कहा था कि कोई अज्ञात चोर द्वारा उसके घर के बाहर रखी सेफ अलमारी का ताला तोड़कर उसमें चोरी करने का प्रयास किया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर तभी से जुटी हुयी थी। शुक्रवार को इस केस मे सफलता हासिल करते हुए मुखबिर की सूचना पर चांदपुर में धनौरा रेलवे फाटक के पास खड़े उक्त संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना नाम मोनूपाल पुत्र देवमुनी निवासी ग्राम मोहदीनपुर कुराहा थाना खखरेरू जिला फतेहपुर हाल निवास जसवीर सिंह का देहरा डडारीपुर लुधियाना ग्रामीण लुधियाना (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये मोनू पाल पर जनपद फतेहपुर, कौशाम्बी, अमेठी, चित्रकूट झांसी आदि जनपदों में अनेकों अपराधिक मामले दर्ज हैं। मोनूपाल को पकड़ने वाली टीम मे वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, कांस्टेबिल जैकी, कां. अर्जुन तोमर शामिल रहे।

## एक नजर

### सभासद ने बिना भेदभाव के कराया काम



**स्योहारा।** नगर पालिका से दो बार लगातार भाजपा के टिकट पर सभासद चुने गए मौ. अकरम अल्वी ने पहले वार्ड चार से अपनी राजनीति शुरू की और सभासद चुने गये। अपने वार्ड में उल्लेखनीय विकास कार्य कर जनता का विश्वास मजबूत किया है। पारदर्शिता और जनसेवा की सोच के साथ काम करते रहें अब वार्ड 20 भाजपा से ही सभासद चुनें हुए है। मौ. अकरम अल्वी ने सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट पेयजल व्यवस्था सहित कई जरूरी कार्य कराए हैं जिससे जनता को सीधा लाभ मिला है। वार्ड में कई गलियों का सीसी रोड में निर्माण, ऐलेडी स्ट्रीट लाइट लगवाकर गलियों में उजाले की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान कर ट्यूबवेल भी लगवाए, सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए नगर पालिका से विशेष अभियान, बुजुर्गों व विधवाओं के पेंशन फार्म भरवाने में व्यक्तिगत मदद की। सभासद अकरम अल्वी का कहना है कि जनता ने दो बार जो विश्वास जताया है उसके लिए मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। मेरा मकसद राजनीति नहीं, सेवा करना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अकरम अल्वी ने अपने कार्यकाल में कभी भेदभाव नहीं किया और सभी वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व में वार्ड की छवि बदलती नजर आ रही है।

### विकास कार्यों का लिया जायजा



**नजीबाबाद।** सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि फहीम अहमद अंसारी एडवोकेट ने समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी का दौरा कर पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया! आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों अहसान अंसारी उर्फ जानू एवं सैयद शोएब अली के साथ सांसद प्रतिनिधि फहीम एडवोकेट ने गांव में टूटे हुए बिजली के खंभों, जर्जर हो चुके बिजली के तार, बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका मेन रोड और गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र सहित विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली। फहीम अंसारी एडवोकेट का कहना है कि सांसद चंद्रशेखर आजाद के संज्ञान में लाते हुए कुछ समस्याओं का अति शीघ्र अपने स्तर से निस्तारण करवा देंगे। सांसद प्रतिनिधि फहीम अहमद अंसारी एडवोकेट का गांव कल्हेड़ी का दौरा चर्चा का विषय बना हुआ है।

### योग दिवस आज, तैयारी पूर्ण

**नहटौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अलग-अलग स्थानों पर होगा। इसके लिए आयोजकों ने पूरी तैयारी कर ली है। नगर में 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर, नगर पालिका परिषद, ब्लॉक कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर योगा करने के लिए आयोजकों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। निर्धारित समय पर योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# मारपीट व पथराव के मामले में दो गिरफ्तार



## आठ आरोपी अभी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस ने उधारी के पैसे मांगने वालों के साथ गाली गलौच करने, मारपीट करने व पथराव करने के आरोप मे दो ग्रामीणों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि आठ अन्य अभी फरार है जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुयी है।

प्राप्त समचार के अनुसार ग्राम कमालपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम किशन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर दर्ज मामले में दस आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया जबकि शेष की तलाश में टीम जुटी हुयी है। बताया गया कि वादी द्वारा अपने उधार दिये पैसे मांगने पर मोमिन पुत्र छुट्टन, कामिल पुत्र शाहआलम, जुनैद पुत्र अशरफ, आफताब पुत्र भूरे उर्फ गफ्फार, सलमान पुत्र नाजिम, ताहुजु पुत्र सरफराज अहमद, गुड्डू पुत्र सायआलम, जावेद पुत्र वकील अहमद, निवासीगण ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर ने उसके साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर मारा पीटा व पथराव कर उन्हें चोटिल करने का भी प्रयास किया गया। किसी तरह उसने अपनी जान बचायी। मामले में विवेचक एसआई रोबिन कौशिक द्वारा आरोपी मोमिन पुत्र छुटट्न, जावेद पुत्र वकील निवासीगण ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुकदमा उपरोक्त में शेष आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दी गई है।

# वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा के निधन पर शोक सभाएं

**नगीना।** वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक छा गया है। नगीना में पत्रकार संगठनों ने अपने अपने कार्यालयों पर शोक सभाएं आयोजित कीं। सभी सभाओं में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। एक सभा में वरिष्ठ पत्रकार द्वारा बताया गया कि अनुज शर्मा एक कुशल पत्रकार थे। वे अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में निपुणता रखते थे। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी पत्रकारिता को एक सशक्त माध्यम बनाया। एक अन्य पत्रकार ने कहा कि अनुज शर्मा मिलनसार खुशमिजाज व्यक्तित्व के मालिक थे। श्रद्धांजलि सभाओं में नगर के कई पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने अनुज शर्मा के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए बड़ी क्षति बताया।

# योग दिवस से पहले जगह-जगह योग शिविर

## लोगों ने किया योगाभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर धामपुर नगर में स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नगरवा. सियों में योग को लेकर उत्साह स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। लोग नियमित रूप से योगाभ्यास, प्राणायाम और विभिन्न आसनों को सीखकर स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो रहे हैं।

नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों जैसे आरएसएम डिग्री कॉलेज, एसबीडी डिग्री कॉलेज, और पतंजलि योग केंद्र में चल रहे शिविरों में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा सहभागियों को योग की विधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन योगाचार्य गजराज सिंह द्वारा प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम एवं विविध आसनों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक लचीलापन, ध्यान केंद्रित करने की विधि एवं सांस नियंत्रण के तरीकों को विस्तार से समझाया। शिविर के संयोजक एवं तहसील प्रभारी शिवेंद्र अग्रवाल ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में मिलावटी भोजन, प्रदूषित वातावरण और व्यस्त जीवनशैली ने मानव शरीर को रोगों का घर बना दिया है। यदि कोई व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से निरोग रहना चाहता है, तो इसका एकमात्र उपाय योग है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांति और स्थिरता प्रदान करता है। नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों व गणमान्य लोगों की भागीदारी रही। संजय वर्मा, मयंक कुमार, विनोद चांदना, जगराम सिंह, जगदीश प्रसाद, डॉ. ईश्वर चंद शर्मा, श्रीमती रेखा सिंह, प्रतिभा राय, शशि चौहान, और अनीता सिसोदिया समेत बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य केवल योग दिवस मनाना नहीं, बल्कि जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाना और स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करना है।

# सम्पादकीय

शनिवार, 21 जून 2025

## एक और नया शिगूफा

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुए लगभग चालीस दिनों का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक इन अटकलों पर विराम नहीं लगा है कि यह सीजफायर किसने कराया था। जहां तक बात भारत की है, भारत ने अपनी तरफ से साफ कर दिया कि यह संघर्ष विराम भारत पाक के सैनिक अधिकारियों के बीच में हुई वार्ता से अमल में आया था और इसमें किसी दूसरे देश की कोई मध्यस्थता नहीं थी। सभी जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत-पाक सीजफायर को लेकर बयान देते रहे हैं। उनका दावा रहा है कि उनके प्रयासों से ही भारत पाक के बीच में सीजफायर हो पाया था। शुक्रवार को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाकडार ने यह कहकर इस पूरे मुद्दे को और उलझा दिया कि सऊदी प्रिंस ने छह-सात मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था। फिर हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। उनके अनुसार सऊदी ने तनाव कम करने की कोशिश की, डार ने यह भी कहा कि प्रिंस ने फोन पर कहा कि पाक कहे तो वह विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करते हैं। मतलब साफ है कि सऊदी के प्रिंस ने पहले पाकिस्तान के शासकों से बात की और उनकी रजामंदी होने पर भारत से बात की गई। डार की मानें, तो सऊदी अरब ने ही मध्यस्थता कर सीजफायर कराया। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आखिर बार-बार यह राग क्यों अलापा रहे हैं और इसके पीछे उनकी मंशा क्या है। वह क्यों भारत को अपनी हरकतों से असहज कर रहे हैं। बात सीजफायर की ही नहीं कई चीजें पिछले कुछ दिनों से ऐसी देखने में आ रही हैं जो यह बताती हैं कि भारत के प्रति अपनी अच्छी राय वह नहीं रखते हैं। प्रवासी कैदियों के संबंध में हमने देखा कि किस तरह हथकड़ी व बेड़ियों में जकड़कर हमारे लोगों को सैनिक विमान में भेजा गया था वह भी तब जब हमारे पीएम मोदी अमेरिका में जाकर डोनाल्ड ट्रम्प से बात कर चुके थे। कनाडा में भी देखने में आया जब पीएम मोदी से उनकी प्रस्तावित यात्रा होनी थी। जहां वह जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए थे। बाद में भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रम्प से 35 मिनट तक फोन पर बात की। जिसमें सीजफायर का मुद्दा भी उठा और पीएम मोदी ने उसमें साफ कहा कि भारत-पाक के बीच वार्ता से ही यह संभव हो पाया था और इसमें तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। अब डार यह कह रहे हैं कि सऊदी प्रिंस ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत सरकार दृढ़ता के साथ सार्वजनिक रूप से यह कहे कि डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया इस मामले में ठीक नहीं है और जो वह कह रहे हैं ऐसा कुछ नहीं हुआ। जब तक सरकार ऐसा नहीं कहती तब तक अटकलें लगती रहेंगी और नई बातें सामने आती रहेंगी और सभी अपने-अपने तरीके से इस बात को तोड़ मरोड़कर पेश करते रहेंगे। असल में गुपचुप समझौतों का ऐसा ही हश्र होता है। हां इतनी बात जरूर है कि डार ने यह जरूर माना कि भारत के आक्रामक रवैये से ही पाक को बैकफुट पर आना पड़ा।

### अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा



अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है, यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए, भाजपा -आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें, अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है, अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने का औजार है, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी, भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है, हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो बच्चों को बराबरी का मौका दे।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर अटकलें हुईं तेज





यशोदा श्रीवास्तव

**अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महरा. जगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था।**

यूपी में कांग्रेस की बिहार और ओडिशा जैसी सक्रियता की जरूरत है। बिहार और ओडिशा में जबसे प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष बदले गए हैं तब से इन दोनों प्रदेशों में अपने दम पर कांग्रेस खड़ी होती हुई दिख रही है। बिहार में कन्हैया कुमार ने पदयात्रा कर पूरे प्रदेश में कांग्रेस को हलचल में ला दिया है, तो प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के समवेत प्रयास और रणनीति से सांगठनिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। यहां भी कांग्रेस आरजेडी और कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन में है। गठबंधन के सहयोगियों को बिना डिस्टर्ब किए कांग्रेस ने इस कोने से उस कोने तक अपनी पहुंच बनाने में कामयाब हुई है। पिछले कुछ महीनों से बिहार में कांग्रेस का झंडा और होर्डिंग जगह-जगह दिखाई पड़ने लगा है।

भाजपा शासित राज्य ओडिशा में भी कांग्रेस ने संगठन में पहली बार बहुत सोच-समझकर कर प्रभावशाली बदलाव किया है। लंबे समय तक बिहार प्रदेश का प्रभारी रहे पार्टी के सीनियर लीडर भक्त चरण दास को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी है वहीं यूपी में बहुत चर्चित कांग्रेस अध्यक्ष रहे अजय कुमार लल्लू को ओडिशा प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। बता दें कि यूपी कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार की सक्रियता का रिकॉर्ड रहा है। धरना-प्रदर्शन की गतिविधियां ऐसी थी कि लल्लू पर इस दौरान रिकॉर्ड मुकदमे भी दर्ज किए गए। बतौर प्रदेश प्रभारी ओडिशा में भी लल्लू की सक्रियता चर्चा में है।

बिहार और ओडिशा में जैसी कांग्रेस की सक्रियता है, यूपी के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने वैसी ही सक्रियता यूपी में भी जरूरी बताया है। हालांकि यह पार्टी के सांगठनिक ढांचे पर निर्भर करता है। यूपी में आज नहीं करीब एक दशक से पार्टी का संगठन बस नाम मात्र का है। इस दरम्यान जब लल्लू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे तब जरूर कांग्रेस यहां वहां धरना-प्रदर्शन करते देखी जा रही थी। इसका खामियाजा भी लल्लू को भुगतना पड़ा है। उनके ऊपर दम पर दम मुकदमा भी दर्ज हुआ। वे विधानसभा का चुनाव हार गए तो उनकी अध्यक्षी चली गई, लेकिन कांग्रेस आलाकमान उनकी अहमियत को समझते हुए उन्हें ओडिशा का प्रभारी बना दिया। वे वहां भी कांग्रेस की मजबूती के लिए जी जान से जुटे हुए हैं।

लल्लू के बाद यूपी में कांग्रेस ने एक के बाद एक अध्यक्ष पद पर बदलाव तो किया, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाए। अभी अजय राय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। वे वाराणसी के हैं। लोकसभा चुनाव में कई राउंड की मत गणना में उन्होंने मोदी से बढ़त बना कर खूब सुर्खियां बटोरी थी। कई बार के विधायक और प्रदेश में मंत्री होने की उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि है। वे भाजपा में भी रहे हैं। बतौर अध्यक्ष उनसे जो अपेक्षा थी शायद पार्टी आलाकमान को वे पूरी नहीं कर पा रहे हैं। उनके ही कार्यकाल में यूपी के जिलों में 90 प्रतिशत नए अध्यक्ष मिले हैं लेकिन नए अध्यक्षों के पद भार ग्रहण किए करीब चार माह बीत गए अभी तक शेष पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्रदेश का संगठन भी आधा अधुरा ही है।

माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान यूपी कांग्रेस संगठन के ढीले-ढाले रवैये से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस पार्टी के अंदरखाने बदलाव की सुगबुगाहट है। 2026 लगते ही यूपी में विधानसभा का चुनावी वर्ष प्रारंभ हो जाएगा। इतनी जल्दी संगठन खड़ा करने की सिर्फ खानापूर्ति ही हो सकती है। बूथ छोड़िए जिलों में ही मजबूत संगठन खड़ा कर पाना मुमकिन नहीं है। अब जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी विधानसभा प्रत्याशियों के चयन में जिला अध्यक्षों की जिम्मेदारी तय कर रहे हों तो यूपी में यह कैसे संभव है? जहां का संगठन ही कमजोर हाल है। यूपी विधानसभा चुनाव सपा और कांग्रेस मिलकर ही लड़ेगी, यह तय है। हाल ही अखिलेश यादव ने भी अपने बयान में यह स्पष्ट कर दिया है।

ऐसे में कांग्रेस चाहेगी कि यूपी कांग्रेस का अध्यक्ष ऐसा हो जिसका तालमेल सपा संगठन या राष्ट्रीय अध्यक्ष से बेहतर हो। यूपी में सपा का पीडीए फार्मूला हावी है। कांग्रेस चाहेगी कि इसका लाभ उसे सपा के ही बराबर मिले। सीटों के बंटवारे में भी कोई पेंच न रहे। जाहिर है बिहार में जैसे आरजेडी बड़ी भूमिका में होगी वैसे ही यूपी में सपा बड़ी भूमिका में होगी। यह तय है कि आने वाले कुछ दिनों में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बदलाव होना है। कांग्रेस आलाकमान यूपी में किसी ऐसे चेहरे की तलाश में है जो गठबंधन को देखते हुए यहां के राजनीतिक समीकरणों को साधने में माहिर हो। यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। 2017 में कांग्रेस सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी, लेकिन तब भी बहुत फायदे में नहीं रही। केवल सात विधायक ही चुने गए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2027 में स्थित भिन्न होगी। लोकसभा चुनाव के परिणाम को ही पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा है। पार्टी सीटों के बंटवारे से लेकर उम्मीदवारों के चयन में सतर्कता बरती तो निश्चित ही फायदे में रहेगी, लेकिन इसके पहले अध्यक्ष का चयन एक चुनौती है। पहले चर्चा थी कि किसी मुस्लिम को यह पद दिया जाए, लेकिन सांसद इमरान मसूद का सपा के प्रति दिया बयान इस पर पानी फेर दिया।

ऐसे में पार्टी का फोकस किसी मजबूत पिछड़े वर्ग के नेता पर है। अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महराजगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था। तब से वे अखिलेश यादव के प्रिय हो गए हैं। जरूरी नहीं कि कांग्रेस आलाकमान वीरेंद्र चौधरी पर ही दांव लगाए, लेकिन इस बार कांग्रेस अध्यक्ष के चयन में पार्टी जो खूबी ढूंढ रही है, निसंदेह वीरेंद्र चौधरी में सांगठनिक क्षमता के साथ-साथ वे सारी खूबियां हैं। वीरेंद्र चौधरी की राजनीतिक पृष्ठभूमि चूंकि बसपा की रही है, इसलिए न केवल राजनीतिक गुणा गणित में वे माहिर हैं, गठबंधन धर्म निभाना भी उन्हें बखूबी आता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की उपस्थिति देश को प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन

**जिस राहुल ने जनता के साथ ही देश के बिखरे पड़े विपक्ष में भी नई जान फूंक दी है। देश की आत्मा को एक कर दिया है। जिसने साहस पूर्वक सत्ता को अधिनायकवाद की सीढ़ियां चढ़ने से रोक दिया है। ओबा. मा को लिखना पड़ेगा कि भारत में राहुल की उपस्थिति अधिनायकवाद के खिलाफ प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन है।**



श्रवण गर्ग

बराक ओबामा से अनुरोध किया जाना चाहिए कि कुछ दिनों के लिए एक बार फिर भारत की यात्रा पर आएं यह देखने के लिए कि जिस राहुल गांधी से वे आखिरी बार मिले होंगे वह और भारत पिछले आठ सालों में कितना बदल गया है। अमेरिका वापस पहुंचने के बाद ओबामा एक नई किताब लिखें जो सिर्फ राहुल पर केंद्रित हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माय फ्रेंड बराक ने अपनी पिछली भारत यात्रा के बाद प्रकाशित किताब में जिस राहुल गांधी का जिक्र किया था उसका स्थान किसी नए राहुल ने ले लिया है और हो सकता है उसकी पूरी जानकारी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को नहीं हो।

ओबामा भारत में सिर्फ डॉ मनमोहन सिंह के प्रशंसक रहे हैं। इतने घोर प्रशंसक कि अपने प्रथम कार्यकाल (2009-2013) में डॉ. सिंह को अपना पहला राजकीय अतिथि बनाया। व्हाइट हाउस के भव्य समारोह में ओबामा जब डॉ. सिंह की तारीफ कर रहे थे पूरे अमेरिका और भारत भर से वाशिंगटन पहुंची बड़ी-बड़ी हस्तियां दोनों नेताओं को खड़े-खड़े सुन रहीं थीं। उस बात को गुजरे चौथाई सदी बीत गई। डॉ. सिंह के साथ यात्रा पर गए पत्रकारों के दल के सदस्य के तौर पर मैं भी तब उपस्थित था। कोई पांच वर्ष पूर्व प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक ए प्रॉमिस्ड लैंड में ओबामा ने राहुल गांधी को लेकर जो टिप्पणी की उसने मोदी सरकार के मंत्रियों, गोदी मीडिया और भक्तों को इस युवा नेता पर हमले करने का हथियार सौंप दिया था। ओबामा ने किताब में उस रात्रि-भोज का जिक्र किया है जिसमें सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के साथ राहुल भी उपस्थित थे।

कोई 980 पन्नों की किताब में राहुल गांधी को लेकर की गई पांच पंक्तियों की टिप्पणी इस प्रकार है राहुल गांधी के बारे में यह कि वे स्मार्ट और जोशीले नजर आए। उनका सुदर्शन व्यक्तित्व उनकी मां के साथ मेल खाता था। बातचीत में उन्होंने राजनीति पर अपने प्रगतिशील विचार प्रस्तुत किए। वे बीच-बीच में मुझसे मेरी 2008 की चुनावी मुहिम की जानकारी भी लेते रहे पर नर्वस और अनाकार (अनफॉर्म्ड) भी नजर आए। जैसे किसी छात्र ने या तो कौशल के अभाव या फिर विषय के प्रति गहरे अनुराग के बावजूद अपना होमवर्क ठीक से नहीं किया हो पर वह टीचर को प्रभावित करना चाहता हो।

किताब में लिखे को लेकर निहित स्वार्थों द्वारा बाद में जो प्रचारित किया गया वह इस प्रकार था उनमें एक ऐसे नर्वस और अपरिपक्व छात्र के गुण हैं जिसने अपना होमवर्क किया है और टीचर को इम्प्रेस करने की कोशिश में है लेकिन गहराई से देखें तो योग्यता और किसी विषय पर महारत हासिल करने के जुनून की कमी है। आज 19 जून को राहुल 55 साल के हो गए। ओबामा अगस्त में 65 के हो जाएंगे। ओबामा आखिरी बार दिसम्बर 2017 में भारत आए थे तब अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर ट्रम्प थे। पिछले आठ सालों में अमेरिका भी बदल गया है और भारत भी। भारत को बदलने में राहुल गांधी भी बड़ी भूमिका रही है। ओबामा को अपनी नई किताब में अब उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसमें न तो कौशल का अभाव है और जो न ही नर्वस है। ओबामा चूंकि एक अश्वेत नेता और राष्ट्रपति रहे हैं उन्हें ज्यादा जानकारी या तो महात्मा गांधी के 1930 के दांडी मार्च की होगी या फिर मार्टिन लूथर किंग जूनियर के अगस्त 1963 के ऐतिहासिक वाशिंगटन मार्च और 1965 के सेल्मा से मोंटगोमेरी (अल्बामा) तक चले 54 किलोमीटर लंबे मार्च की जो पांच दिनों में पूरा हुआ था। ओबामा को अपनी नई किताब में अब राहुल के सपनों के प्रॉमिस्ड लैंड का जिक्र करना पड़ेगा। उन दो ऐतिहासिक यात्राओं के बारे में लिखना पड़ेगा जो हजारों किलोमीटर की थीं। इनमें एक पैदल चलकर पूरी की गई थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक। दूसरी बस के जरिए। मणिपुर से मुंबई तक। ओबामा को उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसे देखने, सुनने और जिसका स्पर्श पाने के लिए हजारों लोग सड़कों के दोनों ओर घंटों तक खड़े रहते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# योग: बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति

**योग दिवस पर विशेष**



श्वेता गोयल



आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जब तनाव, अवसाद, चिंता और रोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, तब योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास के रूप में बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का मार्ग बन चुका है। वर्ष 2025 में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ जब 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है तो यह अवसर पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि योग स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म-साक्षात्कार के लिए एक सार्वभौमिक समाधान है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं रहा बल्कि विश्व स्तर पर यह एक व्यापक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। विश्व के 170 से अधिक देशों में 21 जून को योग दिवस मनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योग ने जाति, धर्म, राष्ट्र की सीमाओं को लांघकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

योग के नियमित अभ्यास से केवल शरीर ही नहीं बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा भी संयमित होती है। शरीर को रोगमुक्त रखने, मानसिक विकारों को नियंत्रित करने और ऊर्जा के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग जितना सरल है, उतना ही गहन भी। यह प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली आज के वैज्ञानिक युग में भी एक भरोसेमंद चिकित्सा विकल्प के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जब 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस के प्रस्ताव को केवल 90 दिनों में 177 देशों के समर्थन के साथ पारित किया गया था तो यह स्पष्ट था कि योग अब वैश्विक मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण का पथ बन चुका है। योग अब एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका उद्देश्य है स्वास्थ्यपूर्ण जीवन, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति।

योगासनों और प्राणायाम की विधियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने की सबसे सहज और सुलभ प्रणाली हैं। प्राचीन ऋषियों द्वारा रचित यह प्रणाली केवल आसनों तक सीमित नहीं बल्कि जीवनशैली में संतुलन का विज्ञान है। आधुनिक विज्ञान भी अब इस बात को स्वीकार कर चुका है कि योग तनाव से राहत, रक्तचाप नियंत्रण, श्वसन क्रिया सुधार, इम्युनिटी बूस्ट और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न योगासन जैसे भुजंगासन, सर्वांगासन, ताड़ासन, हलासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, मकरासन, मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, विश्रामासन इत्यादि न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं बल्कि शरीर के अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने में भी सहायता करते हैं व भुजंगासन का अभ्यास करने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, किडनी मजबूत होती है और रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है। यह आसन तनाव और अवसाद से राहत देने में प्रभावशाली है व उष्ट्रासन पाचन तंत्र को सक्रिय करता है, मोटापा कम करता है, हृदय को बल देता है और पीठ दर्द से राहत दिलाता है व सर्वांगासन मस्तिष्क में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाकर मानसिक ताजगी लाता है। यह थायरॉयड ग्रंथि के संतुलन में भी सहायक होता है। चेहरे की चमक बढ़ाने, बालों की सेहत और झुर्रियों से राहत दिलाने में यह योगासन काफी उपयोगी है। हलासन पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है, मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी है, वजन कम करता है और थकान तथा चिंता को दूर करता है। त्रिकोणासन शरीर के संतुलन को बेहतर करता है, इम्युनिटी बूस्ट करता है, अतिरिक्त चर्बी को घटाता है और रीढ़, गर्दन व पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करता है। ताड़ासन बच्चों की लंबाई बढ़ाने में सहायक है, पाचन ठीक करता है और श्वसन तंत्र को मजबूती प्रदान करता है। धनुरासन पीठ और पेट के निचले भाग को मजबूत करता है, किडनी के संक्रमण से लड़ने में मदद करता है और तनाव को कम करता है।

पादंगुष्ठासन तनाव, अवसाद, अनिद्रा और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं को दूर करता है, साथ ही यह किडनी और आंतों की कार्यप्रणाली में भी सुधार लाता है। योग केवल आसनों तक ही सीमित नहीं है बल्कि प्राणायाम का भी इसमें उतना ही महत्व है। प्राणायाम से श्वसन प्रणाली को सशक्त किया जा सकता है। इसमें कुछ प्रमुख प्रकार हैं-

अनुलोम-विलोम प्राणायाम शरीर की शुद्धि करता है और मानसिक संतुलन बनाए रखता है। कपालभाति प्राणायाम से रक्त संचार बेहतर होता है, नसें मजबूत होती हैं और सांस की तकलीफों में राहत मिलती है। भस्त्रिका प्राणायाम अस्थमा, मोटापा, तनाव और सीने की समस्याओं को दूर करता है। यह फेफड़ों को शुद्ध करके हृदय को ताकत देता है। भ्रामरी प्राणायाम ध्यान की शक्ति बढ़ाता है, मानसिक शांति देता है और अनिद्रा, उच्च रक्तचाप तथा घबराहट को कम करता है। उज्जाई प्राणायाम हृदय रोगों में लाभकारी है, इससे मानसिक एकाग्रता में सुधार आता है और शरीर में गर्माहट उत्पन्न होती है। व उद्गीथ प्राणायाम स्मरण शक्ति बढ़ाने, तंत्रिका तंत्र को सुचारू रूप से संचालित करने और तनाव दूर करने में अत्यंत सहायक है।

इन सभी अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य शरीर को इस प्रकार तैयार करना है कि वह अपने अंदर के रोग प्रतिरा. धक तंत्र को सक्रिय करे और स्वयं को रोगों से लड़ने में सक्षम बनाए। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया भय, अनिश्चितता और आक्सीजन की किल्लत के दौर से गुजर रही थी, तब योग ने लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से संभाले रखा। विशेषकर कोरोना की दूसरी लहर में जब कई लोग श्वसन तंत्र की विफलता से जूझते दिखे, तब यह प्रमाणित हुआ कि योग अभ्यास से फेफड़ों की मजबूती और इम्युनिटी को बढ़ाया जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी जहां तेज जीवनशैली में फंसी हुई है, वहीं योग उसे ब्रेक देता है। शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर जीवन में स्थिरता, संतुलन और सृजनात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

योग गुरुओं का भी यह मानना है कि योग केवल एक स्वास्थ्य पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

योग हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं बल्कि आंतरिक सुख और मानसिक संतुलन ही असली सफलता है। आधु. निक चिकित्सा विज्ञान भी अब योग के प्रभावों को स्वीकार करता है। अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में योग अब चिकित्सीय दुष्टिकोण से अपनाया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक को मलाल, फिर कबूलाः भारत ने एयरबेस तबाह किए

## कहाः सऊदी प्रिंस का फोन आया था, फिर उन्होंने भारत से बात की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान-शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया। इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी है।

वहीं डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि 6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने हमारे 2 बड़े एयरबेस पर हमला किया इशाक डार ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हमारी बात हो गई थी। उन्होंने फोर्सेज को रेडी रहने को कह दिया था। सब डिसाइड हो गया था कि हमें क्या रोलआउट करना है।

हम भारत पर सुबह 4 बजे के बाद बड़ा हमला करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही भारत ने रात के ढाई बजे दोबारा हरकत कर दी और उन्होंने नूरखान, शोरकोट एयरबेस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया। सऊदी अरब ने तनाव कम करने की कोशिश की डिप्टी पीएम डार ने कहा कि भारत ने नूर खान एयरबेस पर हमला किया तब सऊदी प्रिंस ने फोन पर कहा कि आप कहो तो विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात करता हूं कि पाकिस्तान युद्धविराम के लिए तैयार हैं और वो भी रुक जाएं, तो मैंने कहा कि जरूर करिए, और उन्होंने बात करके मुझे फोन किया।



- इससे पहले पाक सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था
- कुछ समय बाद पाक पीएम शहबाज ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी

### पाक की जेलों से रिहा 269 अफगानी नागरिक वतन लौटे

**काबुल।** पाकिस्तान की जेलों में बंद कुल 269 अफगान नागरिकों को रिहा कर उनके देश वापिस भेज दिया गया है। देश की मीडिया संस्थान टोलो न्यूज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, रिहा किए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान की विभिन्न जेलों में तीन महीने बिताए। इन सभी को तोर्खम सीमा चौकी पर अफगान अधिकारियों को सौंपा गया। पिछले छह महीनों में पाकिस्तान ने सैकड़ों अफगान कैदियों को रिहा किया है। इसके साथ ही इस्लामाबाद ने उन अफगान शरणार्थियों से देश छोड़ने को कहा है, जिनके पास वैध यात्रा दस्तावेज नहीं हैं।

## ईरान के IRGC ने नए खुफिया प्रमुख को किया नियुक्त

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने माजिद खादेमी को अपने खुफिया संगठन का नया प्रमुख नियुक्त किया। अर्ध-सरकारी न्यूज़ एजेंसी फ़ार्स ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह नियुक्ति आईआरजीसी के मुख्य कमांडर मोहम्मद पाकपुर द्वारा संगठन के पूर्व प्रमुख मोहम्मद काज़ेमी और उनके डिप्टी हसन मोहाघेग के रविवार को ईरानी राजधानी तेहरान पर इज़रायली हवाई हमलों में मारे जाने के कुछ दिनों बाद की गई। नए पद पर अपनी नियुक्ति से पहले खादेमी आईआरजीसी के खुफिया सुरक्षा संगठन के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इज़रायल ने 13 जून को तेहरान और देश के कई अन्य क्षेत्रों पर हवाई हमले किए।

## अराक परमाणु संयंत्र पर इजरायली हमले की ईरान ने की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अराक हेवी वाटर रिएक्टर प्लांट पर इजरायल के हमले की निंदा करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए एक सुरक्षित परमाणु संयत्र को निशाना बनाया है।




# आतंकी ठिकानों की मरम्मत करा रहे पाक आर्मी चीफ मुनीर

**इस्लामाबाद।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है। पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रुपये का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ठिकाना तबाह हो गया था। पाक आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाह हुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है। दरअसल, 1 जुलाई से पाकिस्तान में मदरसे खुलेंगे। पहले मदरसे 20 जून से खुलने थे, लेकिन इनके ठीक न हो पाने के चलते मदरसे खुलने की तारीख बदल दी गई है। मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है। वह खुद इन कामों की निगरानी कर रहे हैं। जिससे साफ है कि पाक अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर खड़ा कर रहा है।



- मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है

## रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को बताया 'अकल्पनीय'

**मास्को।** रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की किसी भी संभावित बातचीत का समर्थन करने से इनकार करने के साथ ही ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 'स्काई न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। पेसकोव ने कहा कि यह अकल्पनीय है, और इस बारे में बात करना भी सभी के लिए अस्वीकार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण है और यह न उस केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कोई भी अतिरिक्त भागीदार तनाव को और बढ़ाएगा, जो कि वाशिंगटन द्वारा इजरायल को प्रत्यक्ष सैन्य सहायता प्रदान करने की संभावनाओं का परोक्ष संदर्भ में था। हालांकि पेसकोव ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि खामेनेई की हत्या होने पर रूस क्या कार्रवाई करेगा, इसके बजाय उन्होंने कहा कि यह ईरान के अंदर से कार्रवाई को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इससे ईरान के अंदर चरमपंथी भावनाएं पैदा होंगी और जो लोग (खामेनेई की हत्या) के बारे में बोल रहे हैं, उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए। वे भानुमती का पिटारा खोल देंगे।

# ईरान ने जर्मन दूत को किया तलब

## चांसलर मर्ज के अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना बयानों पर जताया विरोध

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने राजधानी तेहरान में जर्मनी के राजदूत मार्कस पोटेजेल को तलब किया और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के 'अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना' बयानों पर कड़ी आपत्ति जताया। ईरान ने अपने खिलाफ इजरायल की सैन्य कार्रवाई का समर्थन करने जर्मनी के चां. सलर कथित आह्वान को अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेहरान में विदेश मंत्रालय ने जर्मन चांसलर की टिप्पणियों पर राजदूत मार्कस पोटेजेल से कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कि जर्मनी के नेता ने निहित रूप से एक शांतिपूर्ण देश और सरकार के खिलाफ कानून तोड़ने और बल प्रयोग का समर्थन किया है। ईरान ने कहा है कि जर्मनी संयुक्त राष्ट्र चार्टर को स्वीकार करता है और वह इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले आक्रामक कृत्यों का विरोध करना उसकी जिम्मेदारी बनती है। ईरान ने जर्मनी के राजदूत से कहा कि इजरायल का सशस्त्र हमला संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 4 का स्पष्ट उल्लंघन है और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को इसकी निंदा करनी चाहिए। गौरतलब है कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने हाल में कनाडा में मीडिया से बातचीत में कहा था कि इजरायल एक तरह से हम सबके लिए ही ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की बुराई मोल ली है। कनाडा में जी-7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में जर्मन मीडिया से मर्ज ने कहा कि मैं सिर्फ़ इतना कह सकता हूं कि मैं इस बात का बहुत सम्मान करता हूं कि इज़राइली सेना और इज़राइली सरकार ने ऐसा करने का साहस दिखाया। वहीं ईरान के परमाणु प्रमुख ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से अपनी निष्क्रियता समाप्त करने और ईरान की शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर इजरायली हमलों की निंदा करने का आह्वान किया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'फ़ार्स' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लाम ने मार्काज़ी प्रांत के खोंडाब काउंटी में अराक भारी जल अनुसंधान रिएक्टर सुविधा पर इजरायली हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अध्यक्ष राफेल ग्रॉसी को संबोधित एक पत्र में यह टिप्पणी की। इस्लाम ने आईएईए से अपनी निष्क्रियता तुरंत समाप्त करने और इजरायल की कार्रवाई की निंदा करने का आह्वान किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत है।

### ईरान के परमाणु प्रमुख ने आईएईए से निष्क्रियता समाप्त करने का किया आग्रह

